अश्विन मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 289 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 13 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
**क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज**
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## 'जूता भी चलेगा, एके-47 भी चलेगी' पूर्व केंद्रीय मंत्री नटवर सिंह के बेटे के बिगड़े बोल

**जयपुर (एजेंसी)।** नेताओं के बिगड़े बोल अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल होते रहते हैं। इस कड़ी में नया नाम जुड़ गया है जगत सिंह का। जगत सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री नटवर सिंह के बेटे हैं। हाल ही में जगत सिंह भरतपुर के जिला प्रमुख निर्वाचित हुए हैं। वायरल वीडियो में जगत सिंह किसी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे हैं। इस दौरान वह कई आपत्तिजनक बातें कह रहे हैं। जगत सिंह कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कह रहे हैं कि अब मैं वापस आ गया हूं। इसके बाद वहां मौजूद लोग जिंदाबाद के नारे लगाने लगते हैं। जगत सिंह इसके बाद भी रुकते नहीं हैं। वह कहते हैं कि मैं 12 नंबर का जूता पहनता हूं। आप सब मुझे अच्छी तरह जानते हैं। जूते को चलाने में मैं हिचकता नहीं।

## आतंक का जरिया न बने अफगान, एकजुट होकर करें समाधान

### टी20 में बोले पीएम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अफगानिस्तान को लेकर जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि अफगानिस्तान की धरती कट्टरपंथ और आतंकवाद का स्रोत न बने। इसके साथ-साथ पीएम मोदी ने कट्टरपंथ, आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी के गठजोड़ के खिलाफ संयुक्त लड़ाई की बात भी कही। पीएम मोदी ने अफगानिस्तान में एक समावेशी प्रशासन होने की बात कही जिसमें महिलाओं और अल्पसंख्यकों को भी प्रतिनिधित्व हो। इसके अलावा पीएम ने अफगानिस्तान पर एकीकृत प्रतिक्रिया के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का आह्वान किया। इसके साथ-साथ पीएम मोदी ने अफगान नागरिकों के लिए तत्काल व निर्बाध मानवीय सहायता पर भी जोर दिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने अफगानिस्तान में भूख, कुपोषण, महिला अत्याचार और अल्पसंख्यकों की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्ताव 2593 पर आधारित एकीकृत अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई अफगानिस्तान में हालात को सुधारने के लिए जरूरी है। मोदी ने ट्वीट किया, ''अफगानिस्तान पर जी-20 के शिखर सम्मेलन में भाग लिया। अफगान क्षेत्र को चरमपंथ तथा आतंकवाद के स्रोत बनने से रोकने पर जोर दिया। अफगान नागरिकों को तत्काल और निर्बाध मानवीय सहायता पहुंचाने तथा समावेशी प्रशासन के लिए भी आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की भारत की अध्यक्षता के तहत 30 अगस्त को अपनाये गए प्रस्ताव में अफगानिस्तान में मानवाधिकारों को कायम करने की जरूरत के बारे में उल्लेख है। इसमें आह्वान किया गया है कि अफगान क्षेत्र का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए नहीं होना चाहिए और संकट के समाधान के लिए बातचीत कर राजनीतिक समाधान निकाला जाना चाहिए।

## वीर सावरकर पर लोगों में गलत जानकारी...अगला नंबर स्वामी विवेकानंद का, बोले मोहन भागवत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सावरकर पर लिखी पुस्तक के विमोचन के दौरान आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आजादी के बाद से वीर सावरकर के बारे में लोगों में जानकारी का अभाव है। लेकिन अब लोग इस पुस्तक के जरिए वीर सावरकर को जान सकेंगे। इसके बाद स्वामी विवेकानंद, स्वामी दयानंद सरस्वती और योगी अरविंद का नंबर है।


उनके बारे में भी सही जानकारियां लोगों तक पहुंचाई जाएंगी। सावरकर पर लिखी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने इशारों ही इशारों में विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा, जो सावरकर के बारे टिप्पणी करते रहे हैं। भागवत ने कहा कि वीर सावरकर को लेकर आज भी भारत में जानकारी का अभाव है, लोगों तक उनके बारे में गलत जानकारियां हैं।

भागवत ने आगे कहा कि आजादी के बाद से ही वीर सावरकर को बदनाम करने की मुहिम चलाई जा रही है। लेकिन अब इस पुस्तक से लोगों में ये भ्रम टूट जाएगा। इसके बाद स्वामी विवेकानंद, स्वामी दयानंद सरस्वती और योगी अरविंद का नंबर है, क्योंकि वीर सावरकर की ही तरह इनके बारे में भी गलत जानकारियां फैली हैं। वीर सावरकर जो भी थे, इन्हीं तीनों के विचारों से प्रभावित थे। कार्यक्रम में मौजूद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि वीर सावरकर महान स्वतंत्रता सैनानी थे। राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को अनदेखा करना उनको अपमानित करने जैसा है।

## बच्चों के लिए वैक्सीन का इंतजार बढ़ा, सुबह टीके को डीसीजीआई की मंजूरी की खबर आई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में दो से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को कोरोना की वैक्सीन लगाई जाएगी या नहीं? अब एक बार फिर इसपर सस्पेंस बढ़ गया है। दरअसल मंगलवार की सुबह यह खबर आई थी कि भारत बायोटेक के कोवैक्सिन को 2-18 साल के बच्चों के लिए आपातकालीन उपयोग की मंजूरी मिल गई है। यह मंजूरी कोविड-19 को लेकर गठित विशेषज्ञ समिति ने दी थी। लेकिन शाम होते-होते केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने बताया कि बच्चों पर कोविड-19 वैक्सीन दिये जाने को लेकर अभी मूल्यांकन जारी है और इसकी प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने साफ किया कि डीजीसीआई से अप्रूवल लेने और विशेषज्ञों की अनुमति मिलने के बाद ही वैक्सीन को लॉन्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी इसपर अंतिम फैसला बाकी है केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने कहा, 'काम और मूल्यांकन जारी है। विशेषज्ञों की कमेटी के साथ विचार-विमर्श किया जा रहा है। इसके बाद वो इसका रिव्यू करेंगे।' केंद्रीय मंत्री ने साफ किया कि डीजीसीआई ने अभी इसको मंजूरी नहीं दी है। जब विशेषज्ञ इसके इस्तेमाल की अनुमति दे देंगे तब आपको इसके बारे में बताया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'बच्चों को टीके को लेकर मूल्यांकन की प्रक्रिया जारी है और हम इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। हम विशेषज्ञों से विचार-विमर्श के बाद ही आगे बढ़ेंगे। कोवैक्सीन बनाने वाली भारत बायोटेक ने अपने 2-18 साल तक के उम्र वाले बच्चों पर किये गये क्लिनिकल डेटा ट्रायल्स की रिपोर्ट सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन को भेज दिया है। इस विषय के विशेषज्ञों ने इस डेटा का बारिकी से अध्ययन किया है और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है।'

### अभी अंतिम फैसला बाकी : मंत्री



भारत के केंद्रीय औषधि प्राधिकरण ने दो साल से 18 साल की उम्र के बच्चों एवं किशोरों को आपात स्थिति में भारत बायोटेक का 'कोवैक्सीन' टीका लगाने की अनुमति दिए जाने की सिफारिश की है। हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक ने दो से 18 साल तक के बच्चों एवं किशोरों में इस्तेमाल के लिए कोविड-19 रोधी टीके कोवैक्सीन के 2/3 चरण का परीक्षण पूरा कर लिया है।

## ललितपुर में किशोरी से 25 लोगों ने किया रेप, पिता के साथ-साथ सपा और बसपा के जिलाध्यक्ष भी आरोपी



**ललितपुर (एजेंसी)।** ललितपुर में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नाबालिग किशोरी ने अपने पिता, कई रिश्तेदारों, नामचीन हस्तियों समेत 25 लोगों के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। नामचीन लोगों में सपा और बसपा के जिलाध्यक्ष भी शामिल हैं। मां के साथ मंगलवार को ललितपुर कोतवाली पहुंची 17 साल की किशोरी के एफआईआर दर्ज कराते ही हड़कंप मच गया। आरोप है कि आरोपी उसके साथ पिछले पांच सालों से दुष्कर्म कर रहे हैं। किशोरी को पुलिस सुरक्षा दे गई है और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच की जाएगी। किशोरी का आरोप है कि पांच साल से मां को नशे में रखकर पिता उससे गंदा काम करा रहा है। मुंह खोलने पर मां को मारने की धमकी देता है। साजिश रचने में किशोरी ने पांच महिला रिश्तेदार पर भी केस दर्ज कराया है। उधर, सपा और बसपा के जिलाध्यक्ष का कहना है कि यह उन्हें बदनाम करने की साजिश है।

एफआईआर के अनुसार, 12 साल की उम्र में जब वह कक्षा 6 की छात्रा थी तब पहली बार पिता ने ही बहाने से खेत में ले जाकर रेप किया और मुंह खोलने पर मां को मार डालने की धमकी दी। इसके बाद पिता, मां को नशे की दवा देकर बेहोश कर उसके साथ दरिंदगी करता रहा। कुछ दिन के बाद पिता उसे स्कूल से लेने आया और रास्ते में पानी के बतासे खिलाने के बहाने एक होटल में ले गया। यहां उसे एक औरत के सुपुर्द कर दिया जो उसे होटल के कमरे में ले गई। कुछ देर बाद वहां एक आदमी पहुंचा, इसी बीच वह बेहोश हो गई।

महिला ही उसे घर छोड़ गई। होश में आने पर पता चला उसके साथ रेप किया गया है। जब पिता से इसका विरोध किया तो उसने जान से मारने की धमकी दी, फिर वह डर गई। इसके बाद आए दिन पिता उसे स्कूल से बदल-बदल कर होटलों ले जाने लगा। जहां उसके साथ अलग-अलग लोग दुष्कर्म करते रहे। उसने बताया जब भी वह वापस घर पहुंचती तो मां हमेशा बेहोश मिलती थी। किशोरी के अनुसार, पिता ने उसे सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव और बसपा जिलाध्यक्ष दीपक अहिरवार को भी सौंपा। इन सब के अलावा उसके मंझले ताऊ, मौसी के लड़के, तीन चाचा, ताऊ के लड़के और दूसरे रिश्तेदारों ने भी रेप किया। किशोरी की तहरीर पर रिश्तेदारों के अलावा राजू यादव, महेंद्र यादव, अरविंद यादव, प्रबोध तिवारी, सोनू समैया, राजेश जैन झोझिया, महेंद्र दुबे, नीरज तिवारी, महेंद्र सिंघई, कोमलकांत सिंघई व तीन अज्ञात समेत कुल 25 लोगों के खिलाफ पुलिस ने रेप व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है। एसपी निखिल पाठक के अनुसार किशोरी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आज उसके बयान कराए जाएंगे। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद पुलिस जांच करेगी और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## नेपाल में भीषण सड़क हादसा, 300 मीटर नीचे नदी में गिरी यात्रियों से भरी बस, 32 लोगों की मौत



**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल के मुगु जिले के गमगाधी जा रही एक यात्री बस मंगलवार को सड़क से फिसल कर 300 मीटर नीचे नदी में जा गिरी। दुर्घटना में कम से कम 32 लोगों की मौत हुई है और कई अन्य लोग घायल हुए हैं। ताजा सूचना के अनुसार दुर्घटना में 32 लोगों की मौत हुई है। घायलों की संख्या भी बढ़ रही है। 'माई रिपब्लिका' वेबसाइट की खबर के अनुसार, नेपालगंज से गमगाधी की ओर आ रही बस पिना झयारी नदी में गिर गयी। दुर्घटना छायानाथ रारा नगर निगम क्षेत्र में हुई। खबर के अनुसार, बस में सवार यात्रियों में से ज्यादातर लोग दुर्गा पूजा के अवसर पर विभिनन्‍ जगहों से अपने घर लौट रहे थे।सुरखेत से नेपाली सेना का हेलीकॉप्टर राहत कार्य के लिए रवाना कर दिया गया है। नेपालगंज हवाई अड्डे के सुरक्षा गार्ड संतोष शाह ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 10 लोगों को, जिनके सिर में चोट आयी है, उन्हें कोल्हापुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया है जबकि पांच अन्य को नेपालगंज के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। मुगु काठमांडू से 650 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित रारा झील के लिए प्रसिद्ध है।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अटल मिशन अमृत 2.0 को दी मंजूरी, जल सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनेंगे शहर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नवीकरण और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन-अमृत 2.0 को 2025-26 तक के लिए मंगलवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकारी बयान के अनुसार, अटल मिशन (अमृत 2.0) का मकसद आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक कदम के रूप में और पानी की चक्रीय अर्थव्यवस्था के जरिए शहरों को जल सुरक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाना है। इसमें कहा गया है कि अमृत ??2.0 के लिए कुल 2,77,000 करोड़ रुपए है तथा इसमें वित्त वर्ष 2021-22 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक पांच वर्षों के लिए 76,760 करोड़ रुपए का केंद्रीय हिस्सा शामिल है। बयान के अनुसार, परियोजनाओं के लिए धन केंद्र, राज्य और शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) द्वारा साझा किया जाएगा। राज्यों को केंद्रीय निधि राज्य जल कार्य योजना के अनुसार राज्य के आवंटन के आधार पर तीन चरणों में जारी की जाएगी।मिशन का लक्ष्य सभी 4,378 सांविधिक कस्बों में घरेलू नल कनेक्शन प्रदान करके पानी की आपूर्ति का सार्वभौमिक कवरेज हासिल करना है। बयान के अनुसार, मंत्रिमंडल का मानना है कि शहरी परिवारों को विश्वसनीय और सस्ती जलापूर्ति तथा स्वच्छता सेवाएं प्रदान करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है। इसके तहत सभी घरों को चालू नल कनेक्शन प्रदान करके, जल स्रोत संरक्षण-वृद्धि, जल निकायों और कुंओं का कायाकल्प, शोधित किए गए पानी का पुनर्चक्रण/पुनः उपयोग और वर्षा जल संचयन द्वारा प्राप्त किया जाएगा।मिशन के तहत 500 अमृत शहरों में घरेलू जलमल निकासी एवं प्रबंधन का 100 प्रतिशत कवरेज लक्षित किया गया है।

## कोयला संकटः अगले पांच दिन में बढ़ेगा उत्पादन, राज्यों पर कोल इंडिया का करीब 20000 करोड़ का बकाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोयला संकट गहराता जा रहा है। कई राज्य ब्लैक आउट की आशंका जाहिर कर चुके हैं। संभावना है कि अगले कुछ दिनों में कोयला संकट कम हो सकता है। केंद्र ने मंगलवार को कहा कि सरकार अगले पांच दिनों में कोयला उत्पादन 1.94 मिलियन टन से बढ़ाकर 2 मिलियन टन प्रतिदिन करेगी। वहीं, राज्यों पर कोल इंडिया लगभग 20000 करोड़ का बकाया है।न्यूज एजेन्सा ने सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा है कि भारी बकाया के बावजूद किसी भी राज्य को कोयले की आपूर्ति कभी नहीं रोकी गई। केंद्र राज्यों की सभी मांगों को पूरा कर रहा है। पिछले चार दिनों में कोयले का स्टॉक बढ़ने लगा है। एक माह में स्थिति सामान्य हो जाएगी। डेली पावर और कोयले की आपूर्ति में कोई कमी नहीं। सूत्रों ने कहा है कि कोयला मंत्रालय जनवरी से कोल इंडिया से स्टॉक लेने के लिए राज्यों को पत्र लिख रहा है, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। कोल इंडिया एक सीमा तक ही स्टॉक कर सकता है क्योंकि ओवरस्टॉकिंग से कोयले में आग लग सकती है। झारखंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में अपनी कोयला खदानें है लेकिन खनन बहुत कम या बिल्कुल नहीं हुआ।सरकारी सूत्रों ने कहा है कि लंबे समय तक मानसून, विदेशी कोयले की कीमतों में वृद्धि के कारण भी कोयले की कमी हुई। जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोयले की कीमतें कम थीं, तो राज्य और बिजली कंपनियां इसे विदेशों से खरीद रही थीं।

## बीजेपी को भाया 'नो रिपीट' फॉर्मूला? गुजरात विधानसभा चुनाव में 100 नए चेहरे उतारने की तैयारी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अगले साल गुजरात चुनावों के लिए सत्ताधारी बीजेपी ने अपने पुराने और जांचे-परखे 'नो रिपीट' फॉर्मूला पर काम करने का फैसला किया है। गुजरात बीजेपी चीफ सीआर पाटिल ने इसके संकेत भी दिए हैं कि पार्टी अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में करीब 100 नए उम्मीदवारों को उतारने की तैयारी में है। 182 सदस्यों वाली गुजरात विधानसभा में फिलहाल बीजेपी के पास 112 सीटें हैं। उत्तरी गुजरात के हिम्मतनगर में सोमवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पाटिल ने हिंट दिया कि अगले साल कम-से-कम 30 मौजूदा विधायक रिटायर होने वाले हैं और नए चेहरों के लिए रास्ता साफ करने वाले हैं। पाटिल ने कहा, 'देखिए, हमें उन 70 सीटों पर नए चेहरे खोजने हैं, जहां फिलहाल बीजेपी नहीं है। इसके अतिरिक्त कुछ मौजूदा विधायक रिटायर भी होंगे। यानी कुल मिलाकर आप साल 2022 में होने वाले चुनावों में करीब 100 चनए चेहरे देखेंगे। पाटिल का यह बयान ऐसे समय में आया है जब बीजेपी शीर्ष नेतृत्व ने कुछ हफ्ते पहले ही गुजरात सीएम सहित पूरी कैबिनेट को ही बदल दिया।

## खबर संक्षेप

### भाजपा युवा मोर्चा के मंडल मंत्री बने दिव्यांशू चतुर्वेदी

**घूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा यमुनापार जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय व मंडल अध्यक्ष नारीबारी रोहित केसरवानी ने रविवार देर रात्रि नारीबारी मंडल के युवा मोर्चा के पदाधिकारियो कार्यकर्ताओ की सूची जारी कर दी जिसमें 11 पदाधिकारी और 9 सदस्य व मंडल अध्यक्ष सहित 21 की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें झँझरा चौबे नारीबारी निवासी दिव्याँशू चतुर्वेदी को मंत्री का दायित्व सौपा गया। वही नारीबारी निवासी शुभम मिश्र को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली। सूची प्रकाशित होते ही नारीबारी क्षेत्र के युवाओ के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, जिला महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, पिछ्ला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अशोक पांडेय, रामकुमार शर्मा, प्रदीप कुमार मिश्र, गिरीश कुमार चतुर्वेदी, धर्मराज पाल, संतोष सिंह, रिषी मोदनवाल, पंकज पांडेय, पृथ्वीराज साहू, रत्नाकर सिंह, सुधाकर सिंह आदि पदाधिकारियो ने समस्त मंडल टीम को शुभकामनाएं दी। वही दिव्याँशू चतुर्वेदी और शुभम मिश्र ने भाजपा जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय,मंडल अध्यक्ष रोहित केसरवानी का आभार जताते हुए दिए गए दायित्व के निर्वहन का भरोषा दिया।

# डम्फर ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत, साथी घायल

अखंड भारत संदेश



घटनास्थल पर लगी भीड़ व पुलिस

**नैनी।** मंगलवार दोपहर को प्रयागराज-मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग बीपीसीएल फैक्ट्री के समीप गिट्टी लदे डंफर चालक ने ओवरटेक करने के चक्कर में बाइक सवार युवक को रौंद दिया। जिसमें उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठा रिश्तेदार घायल हो गया। सूचना पाकर इलाकाई पुलिस पहुंची और आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए अस्पताल एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तत्काल मर्चरी भेज दिए। सूचना पाकर परिजनों एवं ग्रामीणों ने घटना स्थल पर पहुंच कर चक्का जाम कर दिए। वह लोग मौके पर डंफर मालिक, चालक व शव को मंगाने की मांग कर रहे थे। सूचना पर सर्किल के चारों थानों की पुलिस फोर्स पहुंच गई। तकरीबन एक घंटा के मान मनोव्वल के बाद लोगों ने जाम समाप्त किया।

जानकारी के मुताबिक मेजा थाना क्षेत्र के लोहारी गांव निवासी अनूप यादव उर्फ ननकऊ (22) पुत्र अशोक यादव अपने मौसा अवधेश कुमार यादव (35) पुत्र सियाराम यादव निवासी उर्टी गांव मांडा थाना के साथ अपनी बहन पूजा के नवजात पुत्र को देखने अस्पताल जा रहे थे। बताते हैं कि जैसे ही वह लोग औद्योगिक क्षेत्र स्थित बी.पी.सी.एल कंपनी गेट के आगे पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही गिट्टी लदे डंफर चालक ने ओवरटेक करने के चक्कर में उसे रौंद दिया। जिसमें अनूप यादव की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और बाइक पर बैठे उसके मौसा अवधेश कुमार यादव घायल हो गए। घटना के बाद डंफर चालक 100 मीटर की दूरी पर नैनी कोतवाली क्षेत्र के कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय के समीप डंफर को पटरी के किनारे खड़ी कर भाग गया। घटना की सूचना पर इलाकाई पुलिस पहुंची और आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए अस्पताल एवं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए तत्काल मर्चरी भेज दिए। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर परिजन एवं काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर मिजार्पुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर दिए। चक्का जाम की सूचना पर सर्किल के औद्योगिक क्षेत्र, घूरपुर, करछना एवं नैनी कोतवाली की पुलिस फोर्स पहुंच गई। चक्का जाम को खत्म कराने का प्रयास किया जाने लगा। घटना से आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीण डंपर मालिक, चालक, एवं शव को मौके पर लाने की मांग पर अड़े रहे। तकरीबन एक घंटे लगातार मान मनोवल करने के पश्चात चक्का जाम को समाप्त कराया जा सका। सड़क जाम होने पर पुलिस छोटे एवं भारी वाहनों को स?ड़वा की ओर दूसरी तरफ डायवर्ट कर पास कराया जा रहा था। चक्का जाम के दौरान लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला। पुलिस ने डंफर को कब्जे में ले लिया है। परिजनों के मुताबिक मृतक कक्षा 12वीं की पढ़ाई कर रहा था। वह अपने दो भाई एवं एक बहन में सबसे छोटा था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।

### मेजा रोड रेलवे स्टेशन पर अज्ञात महिला का मिला क्षत-विक्षत शव, हड़कंप

**मेजा रोड।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के मेजारोड रेलवे स्टेशन पर अज्ञात महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस पंचनामा भर अपने साथ ले गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के मेजारोड रेलवे स्टेशन के डाउन लाइन रेलवे पटरी पर एक अज्ञात बुजुर्ग महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने पर हड़कंप मच गया। रेलवे कर्मियों ने मामले की जानकारी जीआरपी नैनी को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में पंचनामा भर अपने साथ ले गई।

# चोर कर रहे गस्त, पुलिस सोने में है मस्त



चोरी के बाद बिखरा सामान व बाक्स को देखते ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** क्षेत्र में बीते कई माह से चोरों का आतंक आम जनमानस के लिए भयावह साबित हो रहा है। चोरी की वारदातें निरंतर बढ़ती जा रही हैं, लेकिन स्थानीय पुलिस कुम्भकर्णी नींद में मशगूल है। इससे पुलिस के प्रति लोगों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

मेजा थाने की जेवनियां पुलिस चौकी क्षेत्र के भुईपरा निवासी बाबा दीन विश्वकर्मा का परिवार सोमवार की रात खानपीन के बाद कमरे में सो गया। इसी बीच घर के पीछे के रास्ते अंदर घुसे चोर बॉक्स व अटैची को लेकर चलते बने। पीड़ित के मुताबिक एक बॉक्स छत पर मिला तथा दूसरा घर से दो सौ मीटर दूर खेत मे पाया गया। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने लाखों रुपये का जेवरात उड़ा दिया और फरार हो गए। वहीं इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भय की स्थिति बनी हुई है। बताते चलें की मेजा थाना क्षेत्र में बीते कई माह से चोरी की वारदातें लगातार सामने आ रही हैं,लेकिन पुलिस की कुम्भकर्णी नींद टूटने का नाम नहीं ले रही है। जबकि क्षेत्र में चोरी की वारदातें पुलिस के लिए चुनौती बनकर रह गयी हैं, जिसके जबाब के रूप में पुलिस के मुंह भी बन्द हो गए हैं। पीड़ित के मुताबिक लोगों में चर्चाएं तेज हैं कि घटना के बाद जेवनिया चौकी प्रभारी आशीष कुमार चौबे सहित किसी भी पुलिस कर्मी का फोन नहीं उठा। सबसे बड़ी बात तो यह कि डायल 112 पुलिस ने भी उक्त चौकी पर फोन किया,लेकिन चौकी के कोई भी पुलिसकर्मी फोन नहीं उठा सके। क्षेत्र में आये दिन चोरियां बढ़ती जा रही हैं, लेकिन पुलिस खानापूर्ति के रूप में लोगों को केवल खुलासे के आश्वासन देने में जुटी हुई है।

### महिलाओं के गले से उच्चको ने उड़ाया सोने की चेन

**प्रयागराज।** बड़े हनुमान जी का दर्शन करते समय मौका पाते ही उचक्कों ने महिलाओं के गले से सोने की चेन गायब कर दिए। जिससे वहां पर हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र स्थित संड़वा कला गांव की रहने वाली शकुंतला गिरि पत्नी खुशियाल गिरि के पुत्र सुनील गिरि एक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में पत्रकार हैं। मंगलवार को उनकी मां शकुंतला गिरि नैनी कोतवाली क्षेत्र के श्री सोमेश्वर नाथ मंदिर स्थित अपने मायका में आयोजित श्री हनुमान जी के निशान चढ़ाने के लिए सम्मिलित थी। दोपहर में वह सभी लोगों के साथ दारागंज थाना क्षेत्र स्थित बंधवा बड़े हनुमान जी का दर्शन करने के लिए सीढ़ियों से नीचे उतर रही थी। बताया जाता है कि तभी शातिरों ने मौका पाते ही बड़ी चालाकी के साथ उनके गले से लगभग दो तोले की सोने की चैन गायब कर दिए। वहीं औद्योगिक क्षेत्र के नैनी कॉन्प्लेक्स के समीप रहने वाली एक अन्य महिला के भी गले से सोने की चेन गायब हो गया। इतना ही नहीं दो युवकों के पैंट की जेब से पर्स भी गायब मिले। जिससे वहां पर हड़कंप मच गया।

### मांडा में दम्पत्ति की पिटाई कर नकदी समेत लाखों उड़ाया

**मेजा रोड।** क्षेत्र के ऊंचडीह उपरौध ग्राम पंचायत के कुशलपुर गांव निवासी नंदलाल ऊर्फ चौधरी गौड़ सोमवार रात अपने घर में सो रहे थे। रात लगभग एक बजे उनके घर से तीन चोर उनकी पत्नी का बाक्स लेकर घर से बाहर निकलते दिखे। चोरों को देखकर जब नंदलाल शोरगुल करने लगा और अपने बेटे व पत्नी को बुलाने लगा, तो चोरों ने डंडे से नंदलाल की पिटाई करनी शुरू कर दी। इस बीच जब शोर सुनकर दूसरे कमरे से नंदलाल की पत्नी आयी, तो चोरों ने उस पर भी पत्थर फेंक कर घायल कर दिया। चोर बाक्स लेकर भाग गए। चोरों के जाने के बाद पता चला कि नंदलाल के बेटे राम औतार के कमरे में चोरों ने बाहर से कुंडी लगा दी थी। सुबह बाक्स के कुछ कपड़े, टूटा बाक्स और कुछ कागजात नंदलाल के घर से 500 मीटर दूर नहर पर पड़े मिले। बाक्स में रखा 43 हजार रुपये नकद व लगभग एक लाख के गहने गायब थे। पीड़ित की सूचना पर 112 डायल पुलिस ने भी घटनास्थल की जांच पड़ताल की। तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। सोमवार रात ही कुशलपुर गांव निवासी विजय यादव के घर में भी चोर घुसे थे, लेकिन जगहट होने के कारण चोर भाग गए।

### करछना विकास खंड में सचिवो ने शासन के निदेर्शों की जम कर उडाई धज्जियां

**करछना।** त्रिस्तरीय पंचायतीराज ब्यवस्था को अमलीजामा पहनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने गांवो में विकास कार्य में तेजी लाने के लिए प्रत्येक जनपदों के विकास खंडों में एक निर्दश जारी कर ग्राम पंचायतों में खुली बैठक का आयोजन कर बाकायदा मुनादी करा कर गांव में विकास कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए निर्दश जारी कर ग्राम विकास अधिकारी ( सचिवो) को तिथि वार खुली बैठक करायें जाने का निर्दश दिया है, बतादेकि विकास खंड करछना के 80 ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथि पर खुली बैठक के आयोजन में मात्र 10 % गांवो में खुली बैठक का आयोजन किया गया है लेकिन शेष गांवो में खुली बैठक कीं सचिवो ने शासन के निर्देश का खुलें आम धज्जियां उड़ाई गई है ,12 अक्तूबर को विकास खंड करछना के महेवा, ककरम, कटका, नौवां आदि ग्राम पंचायतों शासन के निर्देशपर खुली बैठक कराने का निर्दश सचिवो को दिया गया था, लेकिन वहां के प्रधान तक को सूचित नहीं किया गया है ।सूत्रों के अनुसार खुली बैठक का कोरम आफिस में बैठक दिखा कर फर्जी ढंग से दिखाया गया। गांव के नागरिकों ने बीडीओ करछना से लिखित देते हुए सचिवो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।

# राजसी वैभव संग निकली मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम की बारात



ऐतिहासिक राम बारात का दृश्य

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** शारदीय नवरात्रि शुरू होते ही जगह-जगह रामलीला का मंचन भी शुरू हो गया है। इसके साथ ही जगह-जगह झाकियां भी निकाली जा रही हैं। यमुनापार के शंकरगढ़, राजभवन में ऐतिहासिक और अति प्राचीन रामलीला का मंचन करने के साथ राम बारात निकाली गई। कस्बावासियों ने रामबारात का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और श्रीराम का जयकारा लगाया। राम बारात राजभवन से निकलकर राम भवन चौराहा, पुरानी बाजार, लाइनपार ,सदर बाजार होते हुए राजभवन वापस पहुंची। शंकरगढ़ के राजभवन परिसर में नवरात्रि से शुरू हुई रामलीला का मंचन दशहरा के एक दिन बाद तक अनवरत चलेगा। रामलीला का समापन मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के उपरांत होगा।

शंकरगढ़ के राजा महेंद्र प्रताप सिंह की कोठी में शुरू हुई इस रामलीला को देखने के लिये नगर पंचायत शंकरगढ़ समेत क्षेत्र के सैकड़ों गांवों की जनता जुटती रही है, लेकिन कोरोना काल में अब पाबंदियों के साथ दर्शक आ रहे हैं। व्यवस्थापक अमरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस बार भी कोरोना गाइडलाइन के पालन के साथ रामलीला का मंचन कराया जा रहा है।आसपास क्षेत्रों की भीड़ जुटने लगी है। वही जय बजरंग बली रामलीला कमेटी के अध्यक्ष रामदयाल सिंह ने बताया कि संचालक की जिम्मेदारी रमाशंकर त्रिपाठी, सह संचालक रजनीश सिंह और व्यास पद की जिम्मेदारी धीरेंद्र सिंह को दी गई है।

### मां के पंडाल में सजी गरीब किसान बेटी की मांग



**उतरांव।** प्रयागराज ।उतरांव थाना क्षेत्र के महटीकर गांव में हर साल की भांति इस साल भी इस साल भी माँ दुर्गा का पंडाल लगा है ।सोमवार को दिन में एक गरीब बेटी की मांग सजी तो पूरा मां का पंडाल तालियों से गूंज उठा। वही पूरे गांव के लोग जुटकर गरीब बेटी की शादी कराई तो गरीब पिता की खुशी से आंसू छलक पड़े। महटीकर ग्राम प्रधान राजपति पटेल के यहां पूरे ग्रामीणों के सहयोग से दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। बलीपुर गांव के किसान ज्ञान सिंह पटेल पुत्री सुनीता की शादी फूलपुर के उदयीपुर गांव के राजपति के बेटे राजकुमार से तय की थी। सुनीता अपनी बहन के घर महटीकर रह रहीं थीं। प्रधान राजपति पटेल सहित पूरे ग्रामीणों के सहयोग से सोमवार को दुर्गा पूजा पंडाल में गरीब बेटी की मांग सजाई गई। पंडित की भूमिका में रामनारायण पटेल ने मंत्रोच्चार के साथ शादी कराई। वही गरीब बेटी की मांग सजी तो पूरा पंडाल जहां तालियों से गूंज उठा वही मां के पंडाल में गांव की महिलाओं ने मांगलिक गीत भी गाए गए। वही गरीब बेटी की मांग सजी तो गरीब पिता ज्ञान सिंह की खुशी से आंसू छलक पड़े। मां के पंडाल से गरीब बेटी की डोली सजाई गई और ग्रामीणों ने अश्रुपूरित विदाई की।



### माँ भगवती जागरण में दिखा भक्ति का अनोखा संगम

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में मां भगवती जागरण में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत देवी भजनों व संगीत की धुन पर देवी भक्त सारी रात झूमते नजर आए। मेजा खास स्थित रामलीला स्टेज पर सजी मां दुर्गा की झांकी स्थल पर नव दुर्गा पूजा कमेटी द्वारा मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। सारी रात जया शुक्ला एंड कंपनी लखनऊ के कलाकारों ने मां भगवती के भजनों पर रात भर गुणगान कर भगवती की महिमा का बखान किया। जागरण पार्टी में जूली सिंह द्वारा भोजपुरी भजनों को भक्तों ने खूब सराहा। वही अमर हमराही ,विनय सिंह, प्रवेश शुक्ला ,अमित परवाना द्वारा भी भगवती के गीतों पर भक्तों को खूब झुमाया। जागरण पार्टी द्वारा गणेश जी, लट्ठमार होली, हनुमान जी एवं भोलेनाथ का तांडव की झांकी प्रस्तुत की। देवी देवताओं की सजीव झांकियों को लोगों ने खूब सराहा।कार्यक्रम में ज्वाला ज्योत को भगवती जागरण में स्थापित किया गया और महामाई के दर्शन करने के लिए भक्तों में भक्ति का अनोखा संगम दिखा। भजन सम्राट रेखा शर्मा और मनी लाडला की ओर से पेश की गई भेंटों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नव दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष ने सभी धार्मिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और क्षेत्र के लोगों का जागरण में भाग लेने के बाद धन्यवाद किया। आचार्य भानु पांडेय ने कहा कि मेजा अब धर्म नगरी बनती जा रही है और लोगो के भक्ति की तरफ झुकाव इस गांव को नई ऊंचाई पर लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि भक्ति ही मन को शुद्ध करती है, विश्वास पैदा करती है ।कार्यक्रम में भगवानदास केसरी, प्रिंस जायसवाल, सुधीर श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, ज्ञानचंद गुप्ता, कैलाश गुप्ता, धीरज श्रीवास्तव, धीरज मिश्रा, ननकू आदिवासी, आशीष, मनोज शर्मा आदि का सहयोग सराहनीय रहा।





### मंदिरों पंडालों मे सातवें दिन पूजी गई मां कालरात्रि

#### बिगड़ी मेरी बना दे ओ शेरोंवाली मैया

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** शारदीय नवरात्रि पर जारी कस्बे के मंदिरों में और पंडालों में भक्तों कीजुटी भीड़ प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर बाबा बालक मंदिर में मां भगवती स्तुति की गई सुबह आरती में घंटी घड़ियाल के साथ भव्य आरती की गई महिलाओं ने विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना की उसके बाद माता को हलवा बूंदी का प्रसाद चढ़ाकर भक्तों को वितरण किया गया इस वर्ष पूजा कर रहे शैलेंद कुमार गुप्ता अपनी पत्नी अनुराधा के साथ आज मां कालरात्रि की आराधना की ।आचार्य मुकेश शुक्ला ने बताया कि माँ दुगार्जी की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुगार्पूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन ह्यसहस्त्रारह्य चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। सहस्त्रार चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णतः माँ कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। उनके साक्षात्कार से मिलने वाले पुण्य का वह भागी हो जाता है। माँ कालरात्रि का स्वरूप अत्यंत प्रभावशाली है इनकी कृपा से अग्नि भय, आकाश भय, भूत पिशाच स्मरण मात्र से ही भाग जाते हैं। कालरात्रि माता भक्तों को अभय प्रदान करती है। मंदिर प्रांगण में मौजूद कृपा शंकर तिवारी, राजकुमार केसरवानी, बृजेश अग्रहरी ,नीरज श्रीवास्तव ,विकास गुप्ता, शरद गुप्ता, गीता देवी, माया देवी ,गुलाब देवी, अंजलि केसरवानी, मानसी सोनी ,आदि भक्तगण मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### शहीद किसानो को श्रद्धांजली अर्पित कर निकाली कैंडल मार्च जताया विरोध




**घूरपुर।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने मंगलवार की शाम घूरपुर मे लखीमपुर खीरी के शहीद किसानों की शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की और घूरपुर बाजार मे शहीदों की तस्वीर लेकर कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च के दौरान केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा की गिरफ़्तारी की मांग की ।और खेती के तीनों कानूनों की वापसी तथा एमएसपी को कानूनी गारंटी व नया बिजली बिल वापस करने की मांग करते हुए कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं की जाती तब तक यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा। कैंडल मार्च मे राम कैलाश कुशवाहा ,रामू निषाद,विनोद निषाद,सुरेशनिषाद,बृजलाल,संजय,राम मूरत, आकृति सागर, पार्वती,सहदेई आदि उपस्थित रहे।

### इफको की फूलपुर इकाई ने दी बलविंदर सिंह नकई को भावभीनी श्रद्धांजलि



**फूलपुर।** सहकारिता के माध्यम से किसानों के उत्थान के लिए सदैव प्रयासरत रहने वाले इफको के अध्यक्ष बलविंदर सिंह नकई के निधन पर मंगलवार को इफको की फूलपुर इकाई में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने पांच दशक से इफको में अपनी सेवा दे रहे नकई के निधन पर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान इफको परिवार ने दिवंगत की आत्मा की शांति हेतु उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया। बता दें कि इफको के दो बार अध्यक्ष व पांच बार उपाध्यक्ष रह चुके 87 वर्षीय बलविंदर सिंह नकई का देहांत सोमवार को भटिंडा पंजाब में हो गया है।

### ब्लाक प्रमुख ने चौपाल में पात्र लाभार्थियों से लिया आवेदन




**सहसों।** नवसृजित विकासखण्ड सहसों के ग्राम पंचायत जगदेवपुर बरेठी में मंगलवार को नवनियुक्त ब्लाक प्रमुख गीता सिंह की अध्यक्षता में चौपाल लगाकर पात्र लाभार्थियों से आवेदन लिया गया। जिसमें वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं विकलांग पेंशन के लिए एवं आवास, नाली, हैंडपम्प रिबोर, शोकपिट के लिए पात्र लाभार्थियों ने अपने-अपने आवेदन दिए। जिसमें वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन एवं विधवा पेंशन के लिए 85 पात्र लाभार्थियों ने आवेदन दिया। इसी क्रम में आवास के 32, नाली के 5, हैंडपम्प रिबोर के 5, शोकपिट के 5 आवेदन पात्र लाभार्थियों से लिए गए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , प्रभारी वीडीयो निखिल मोहन, शिव गोविंद पटेल एडीओ आईएसबी, प्रकाश पटेल, गिरजा शंकर यादव एडीओ एम आई, अशोक कुमार पाल, देवनारायण पाल, उमेश कुमार, सचिव अश्वनी कुमार, ग्राम प्रधान सुभाष चन्द्र मिश्रा एवं नवरंग बहादुर सिंह, अरुण कुमार, जबर कुमार, राधेश्याम, राजकुमार, उदय राज ठाकुर तथा गांव के लाभार्थी गण उपस्थित रहे।

### बबुरा में वैक्सीनेशन कैंप में ग्रामीणों ने दिखाया उत्साह



**करछना।** के ग्राम सभा बबुरा लटकहा के श्रीनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबुरा लटकहा में कोविड-19 वैक्सीनेशन कैंप में लोगों में टीका लगवाने का दिखा जोश रही भारी भरकम भीड़ करछना के बबुरा नटका में कोविड-19 को लेकर काफी उत्साह देखा गया बता दें कि सोमवार को टीम का नेतृत्व कर रहे धर्मेंद्र कुमार यादव (जिला महामंत्री )की अध्यक्षता में टीकाकरण कैंप ब्लॉक करछना के बबुरा नटका में लगाया गया जहां लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों ने टीका लगवाया पंजीकरण का कार्य और टीकाकरण का कार्य मधुबाला एवं आशा लल्ली सावित्री,और सुनेना मधुवाला सहायक सत्यम यादव, द्वारा किया गया । यह कार्य बबुरा ग्राम, प्रधान निर्मल कुमार यादव व ग्राम विकास अधिकारी संजीव कुमार श्रीवास्तव की देखरेख में संपन्न हुआ। और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना के अधीक्षण डॉक्टर नवीन गिरी ,जगदंबा यादव ने सब को बधाई दी और सराहना किया।

### उपस्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में सास, बहू और बेटा सम्मेलन का हुआ आयोजन



**शंकरगढ़।** क्षेत्र के कल्याणपुर प्राथमिक विद्यालय में उपस्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर द्वारा सास, बहू और बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया ।सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रधान संघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने फीता काटकर किया। सास, बहू, बेटा सम्मेलन में आए हुए जोड़ों के बीच में पहले तरह-तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाद में प्रतियोगिता के माध्यम से ही स्वास्थ्य केंद्र के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अभिषेक जायसवाल द्वारा आई हुई महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के अलावा परिवार नियोजन के विषय में विस्तार से बताया गया। श्री जायसवाल ने कहा की सरकार द्वारा हम दो हमारे दो का नारा इसलिए दिया गया है कि जिससे छोटा परिवार और सुखी परिवार का सपना साकार हो सके। उन्होंने कहा कि यदि छोटा परिवार रहेगा तो हम अपने बच्चों की अच्छी परवरिश तथा अच्छी शिक्षा दिला सकेंगे। उपस्वास्थ्य केंद्र की एनम सिंधु सिंह ने परिवार नियोजन के विषय में आए हुए लोगों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा यदि जो पुरुष या महिला नसबंदी नहीं कराना चाहती हैं तो उनके लिए भी सरकार द्वारा निशुल्क कई तरह के उपकरण दिए जाते हैं जिसका प्रयोग करके हम अनचाहे गर्भ से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि शादी की उम्र लड़कियों की अट्ठारह से कम ना हो तथा लड़कों की 21 वर्ष से कम ना हो। यही नहीं शादी के 2 साल बाद ही पहला बच्चा हो तथा दो बच्चों के बीच में 3 साल का अंतर होना चाहिए। अंत में विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। प्रथम पुरस्कार राबिया, द्वितीय पुरस्कार सखीरुन्निशा तथा तृतीय पुरस्कार कैलाश को दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान राममिलन, प्रधान मंगलेश सिंह, शुभम सिंह, बृजेश सिंह सहित उपस्वास्थ्य केन्द्र की सभी आशाए व गांव के लोग उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जल्द बनेगी रिंग रोड, 45 गांवों के किसानों की ली जाएगी जमीन

**प्रयागराज।** रिंग रोड का काम जल्द शुरू होने की उम्मीद है। जमीन अधिग्रहण के प्रस्ताव को सरकार की अनुमति मिल गई है। इसी महीने प्रकाशन कर किसानों की आपत्ति ली जाएगी। आपत्तियों के निस्तारण के बाद जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। रिंग रोड योजना के तहत जिले की सभी प्रमुख मार्गों को जोड़ा जाना है। इसके अंतर्गत 68 किमी सड़क का निर्माण होना है। पहले चरण में करछना और फूलपुर तहसील के अंतर्गत 45 गांव आ रहे हैं। प्रभावित जमीन के लिए अधिग्रहण का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था।

विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी ने बताया कि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि रिंग रोड परियोजना के अंतर्गत आने वाले भूखंड़ों के प्रकाशन की तैयारी की जा रही है। इसी महीने प्रकाशन हो जाएगा।

# नरेंद्रगिरी मौत में बनाए गए अभियुक्तों के नार्को टेस्ट के लिए कोर्ट पहुंची सीबीआई

अखंड भारत संदेश

**हत्या या आत्महत्या में उलझी है अभी तक सीबीआई मौत का राज जानने के लिए नए-नए प्रयोग कर रही सीबीआई टीम**



**प्रयागराज।** जिला न्यायालय में मंगलवार को बाघंबरी मठ के महंत नरेंद्र गिरि को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में जेल में बंद आनंद गिरी, आद्या प्रसाद व उसके बेटे संदीप तिवारी का नार्को टेस्ट कराने के लिए सीबीआई ने सीजेएम की कोर्ट में अर्जी दी है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरेंद्रनाथ ने सीबीआई की अर्जी पर सुनवाई के लिए 18 अक्तूबर की तारीख नियत की है।

अभियुक्तगण अपना पक्ष रखने के लिए वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश होंगे। प्रकरण की जांच एवं विवेचना कर रहे सीबीआई के अधिकारी ने अभियोजन अधिकारी अतुल्य कुमार द्विवेदी व प्रदीप कुमार के द्वारा अदालत में अर्जी प्रस्तुत की है, जिसमें कहा गया है कि घटना से संबंधित पूछताछ की सत्यता जानने के लिए आरोपितों का नार्को टेस्ट कराने की अनुमति प्रदान की जाए। अब देखना यह है कि क्या इस प्रयोग से सीबीआई को सफलता मिल सकती है वही बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव एवं विजय द्विवेदी की ओर से अदालत में एक अर्जी दी गई है, जिसमें आरोपियों के नार्को टेस्ट कराए जाने का विरोध किया गया है।

### गंगा में स्नान करने गए डॉक्टर के बेटे का मिला शव

गोताखोरों ने सलोरी के पास से बरामद किया शव

**प्रयागराज।** शिवकुटी में कोटेश्वर महादेव मंदिर के पास गंगा घाट पर स्नान करते समय डूबे डॉक्टर के बेटे अभिराज राव(15) का शव तीन दिन बाद मिला। गोताखोरों ने सलोरी के पास से उसका शव बाहर निकाला। उधर बेटे का शव देख परिजन फूट-फूटकर रोने लगे। शिवकुटी पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।टीबी अस्पताल में तैनात डॉ. कामराज का बेटा अभिराज महर्षि पंतजलि स्कूल में 10वीं का छात्र था। शनिवार को वह अपने साथी शिवेश और अजरम के साथ घूमने निकला था। शिवकुटी स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर के पास गंगा घाट पर पहुंचकर अभिराज गंगा में नहाने उतर गया। लेकिन बहाव की चपेट में आकर गहराई में चला गया और फिर पानी में डूब गया।पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। इसी के तहत मंगलवार को भी एसडीआरएफ व जल पुलिस की मदद से सर्च अभियान चलाया गया। दोपहर में सलोरी के पास गंगा किनारे अभिराज का शव मिला। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट को मिले आठ नए जज, अधिसूचना जारी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में आठ नए अपर न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इनकी नियुक्ति पर मुहर लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से प्रस्तावित 31 वकीलों में से 13 को न्यायाधीश बनाने की संस्तुति केंद्र सरकार को भेजी थी। केंद्र सरकार ने उनमें से आठ अधिवक्ताओं को हाईकोर्ट का अपर न्यायाधीश नियुक्ति किए जाने की अधिसूचना जारी की है। नवनियुक्त न्यायाधीशों में चंद्र कुमार राय, कृष्ण पहल, समीर जैन, आशुतोष श्रीवास्तव, सुभाष विद्यार्थी बृजराज सिंह, श्रीप्रकाश सिंह व विकास बुधवार शामिल हैं। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के अपर सचिव राजिंदर कश्यप की ओर से जारी नियुक्ति की अधिसूचना के अनुसार ये सभी शपथ ग्रहण करने की तिथि से कार्यभार ग्रहण करेंगे। गौरतलब है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के तीन न्यायाधीशों का हाल ही में स्थानांतरण हुआ है और सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इसके बाद अधिवक्ता मनु खरे को इलाहाबाद हाईकोर्ट का न्यायाधीश बनाने की संस्तुति की है।

# सपा का तहसील मुख्यालय मेजा में विशाल धरना- प्रदर्शन, एस डी एम को सौंपा ज्ञापन

**वन विभाग द्वारा गरीबों का आशियाना ध्वस्त किए जाने किया विरोध, वन क्षेत्राधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का दिया आश्वासन**

अखंड भारत संदेश






तहसील पर धरना प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता

**मेजा।** वन विभाग द्वारा गरीबों का आशियाना ध्वस्त किए जाने के विरोध में सपाइयों ने तहसील मुख्यालय मेजा पर विशाल धरना- प्रदर्शन कर एस डी एम को ज्ञापन सौंप कर मुकदमा दर्ज करने की मांग की।उपजिलाधिकारी मेजा रेनू सिंह ने वन क्षेत्राधिकारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आश्वासन दिया। समाजवादी पार्टी विधानसभा कोरांव द्वारा मंगलवार को धरना देकर मांग किया कि ग्राम सभा भैया विकासखंड एवं तहसील मेजा मे गरीब आदिवासियों को प्रधानमंत्री आवास मिला था जिसे लोग अपने रहायसी पुस्तैनी मकान पर निर्माण करा रहे थे। और बनकर तैयार हो गया था जिसको वन विभाग मेजा के अधिकारियों ने बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचकर निर्दयता पूर्वक गिरा दिया गया जबकि लोग हाथ जोड़कर अधिकारियों के सामने रोते एवं गिड़गिड़ाते रहे किंतु एक न सुनी। जहां पर आदिवासी गण आवास बना रहे थे वहां उनका पुश्तैनी मकान था और जमीन वन विभाग की नहीं थी हल्का लेखपाल व कानूनगो द्वारा नाम जोखकर बताया गया था कि जमीन गांव सभा की है मामले की जांच कराकर अधिकारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाए और उनके वेतन से गरीबों को क्षतिपूर्ति दिलाया जाए। इसी प्रकार अन्य कई गांव में लोगों को धमकाया जा रहा है कि आप लोगों का मकान गिरा दिया जाएगा। जहां पर ग्राम पंचायतों में लोग तालाबों पर बसे हैं उनके पास रहने के लिए कोई अन्य स्थान नहीं है उनको भी प्रशासन द्वारा हटाने एवं घर गिराने की धमकी दी जा रही है। जिससे लोगों में भय व्याप्त है। ग्राम पंचायत भैया की भूमि प्रबंध समिति द्वारा आवास आवंटन की पत्रावली लेखपाल द्वारा प्रस्ताव करके भेज दिया गया है। कानूनगो स्तर पर लंबित है कानूनगो द्वारा जानबूझकर पत्रावली लंबित रखा गया है ऐसी स्थिति में क्षेत्रीय कानूनगो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए पत्रावली आहूत कर तत्काल स्वीकृति किया जाए और पट्टा बांटा जाए पत्रावली लंबित रहने पर हुए तहसील में व्याख्या स्थिति बरकरार रखा जाए। किसानों द्वारा जो धान की खेती की गई है उसे छुट्टा पशु चर ले रहे हैं। जिससे किसानों की लागत भी डूब जा रही है। ऐसी स्थिति में पशुओं का अस्थाई बंदोबस्त किया जाए।इसके अलावा अन्य मांगे शामिल हैं। धरना प्रदाशन का नेतृत्व पूर्व विधायक रामकृपाल कामरेड ने किया।इस मौके पर प्रदेश सचिव शहादत अली, ओमप्रकाश कुशवाहा, अखिलेश यादव, वंशराज यादव,राजेश पांडे, राधेश्याम यादव, इमरार खान, कैलाश यादव, अनीता शुक्ला, बद्री यादव, उमाशंकर पटेल, कमलेश यादव, दिनेश पटेल, कमला देवी, अंजली आदिवासी,सिरवाई, बब्बन सिंह आदि मौजूद रहे।

### विकास खंड करछना के पनासा गांव में हुई खुली बैठक

**करछना।** मंगलवार को न्याय पंचायत संसाधन केंद्र पनासा गांव में खुली बैठक का आयोजन किया गया । इस दौरान ग्राम प्रधान नागेंद्र पांडे की ओर से विकास के लिए योजनाएं तय की गई और विकास के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा भी की गई । जिसमें मनरेगा, पेयजल, सड़क ,कायाकल्प, के बारे में अधिकारियों ने विस्तार से चर्चा की । जिसका ग्रामीणों और सदस्यों ने समर्थन किया बैठक में सचिव महेश कुमार सहित सदस्य बाबूलाल वर्मा, आजाद, गुलाब यादव ,आकाश, मुन्ना पांडे, राजेंद्र आदि के साथ गांव के सैकड़ों लोग भी मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैनी करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत पुरैनी विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यों के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 17-10-2021 से दिनांक 20-10-2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेसन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत पुरैनी में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 25-10-2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 25-10-2021 कार्यालय अवधि में समय 3. 30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय हासिमपुर (पुरैनी) में बाउन्ड्रीवाल निर्माण | 5.60 लाख | 2 माह |
| 2. | गीता देवी का (पशु शेड) | 1.16 लाख | 2 माह |

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2020-21/दिनांक 12-10-2021

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पुरैनी
वि. ख. करछना प्रयागराज।


# हत्या के आरोप से विधायक सुशील सिंह दोषमुक्त

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए ने सैय्यद राजा विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशील सिंह को साक्ष्य के अभाव में हत्या के आरोप से दोषमुक्त कर दिया है। यह निर्णय स्पेशल कोर्ट के जज आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता प्रमोद सिंह, अभिषेक तिवारी एवं अभियोजन पक्ष को सुन कर दिया है।घटना भदोही के गोपीगंज थाने की है। सिपाही यमुना प्रसाद ने मुकदमा दर्ज कराया था कि वह पुलिस लाइन इलाहाबाद में आरक्षी के पद पर तैनात है। 5 मार्च 2005 को सिपाही राधेश्याम सिंह, श्याम सुंदर सिंह, सहित अन्य सिपाहियों के साथ केंद्रीय कारागार नैनी से अभियुक्त अनुराग त्रिपाठी उर्फ अन्नू को अदालत में पेश करने के लिए सरकारी गाड़ी से वाराणसी ले गए थे। अदालत में पेशी के बाद वापस इलाहाबाद आ रहे थे। जब झरिया पुलिया जीटी रोड गोपीगंज पर पहुंचे तो पीछे से जान से मारने की नीयत से बदमाशों द्वारा गोली और बम से ताबड़तोड़ हमला कर दिया गया। जिससे अफरातफरी मच गई सभी लोग गाड़ी के फर्श पर लेट गए। अभियुक्त भी गाड़ी की फर्श पर लेट गया। थोड़ी देर बाद जब गोली बम चलना बंद हो गया तब हम लोगों ने गाड़ी से उतरकर फायर किए। जिसके बाद बदमाश मौके से भाग गए। घटना में गाड़ी के ड्राइवर सर्वजीत यादव की मौत हो गई थी और सिपाही राधेश्याम सिंह व श्यामसुंदर तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि पत्रावली पर ऐसा कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है, जिससे अभियुक्त को दोषी करार दिया जा सके। अभियोजन मामला साबित करने में असफल रहा है।

### सप्लाई पानी में निकला जिंदा सांप, बोतल में भरकर पहुंचे महाप्रबंधक कार्यालय

सप्लाई पानी को लेकर मोहल्ले वालों में बना है खौफ का माहौल

**प्रयागराज।** जल संस्थान की ओर से शहर में सप्लाई किए जाने वाले पानी से घरों में पेयजल की गुणवत्ता में सुधार नहीं हो रहा है। आए दिन घरों में दूषित पानी केसाथ ही कीड़े आने की शिकायतें दूर नहीं हो रही हैं। अल्लापुर केशिवपुरी रोड स्थित मकान में ऐसा ही मामला सामने आया। कॉलोनी निवासी आरपी वर्मा केघर सप्लाई के पानी में सांप निकल आया। इसके बाद परिवार केलोगों ने सांप को बोतल में बंद कर जल महाप्रबंधक कार्यालय पहुंच कर लोगों ने इसकी शिकायत की। मंगलवार सुबह शहर के अल्लापुर में रहने वाले आरपी वर्मा के पुत्र रवि प्रकाश जब बाथरूम में स्नान कर रहे थे। तभी अचानक नल के नीचे रखें बाल्टी में सांप तैरता दिखा। सांप की लंबाई ढेड़ फुट थी। बाल्टी में सांप का वीडियो बनाकर जिम्मेदार अधिकारियों के पास भी भेंजा गया। शहर में पेयजल सप्लाई से अब संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। पाइप लाइन में जगह-जगह लीकेज हैं, तो नालियों से होकर भी कई जगह से पाइप लाइन गुजरी है। संक्रामक बीमारियां तो ठीक है, अब पानी उगले वाले नल से पानी के साथ सांप निकल रहा है। पूर्व पार्षद शिवसेवक सिंह ने महाप्रबंधक से मांग की अल्लापुर सहित शहर के सभी ओवर हेड टैंक की पूरी तरह से सफाई कराने और दवा डालकर पीने योग्य पानी की सप्लाई कराई जाए। घरों में दूषित पानी की समस्या तो नहीं हल हो सकी लेकिन नल से सांप निकलने के बाद लोगों ने सांप को एक बोतल में भरकर जल संस्थान पहुंचे। महाप्रंबधक केसामने लोगों ने नाराजगी जताई। लोगों ने बताया कि जल संस्थान से आने वाले पानी को बिना फिल्टर किए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।


## कार्यालय ग्राम पंचायत उग्रसेनपुर उर्फ बीबीपुर विकास खण्ड प्रतापपुर, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उग्रसेनपुर उर्फ बीबीपुर में वित्तीय वर्ष 2021-22 अन्तर्गत राज्य वित्त 15वां वित्त आयोग/मनरेगा योजना अन्तर्गत बहुउद्देशीय खेल के मैदान निर्माण हेतु बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार कार्य को लेकर सामग्री आपूर्ति हेतु अल्प कालीन निविदा सील बन्द निविदा दिनांक 13-10-2021 से दिनांक 18-10-2021 तक कार्यालय कार्यदिवस में आमंत्रित की जाती है दिनांक 20-10-2021 को अपरान्ह 3 बजे निविदा दाताओं के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी द्वारा गठित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। निविदा टेण्डर की शर्तें निम्नानुसार है।

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्लन | निविदा मूल्य | अर्नेस्ट मनी | धरोहर धनराशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खेल मैदान का निर्माण कार्य | 2985416.00 | 500 | 59708.32 2% | 238833.28 8% | 3 माह |

1. उपरोक्त कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा वैध प्रमाण पत्र दिखाने अथवा प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करने पर ही डाला जायेगा, इस हेतु दो वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। 2. निर्गत फार्म का मूल्य 500 रू. है, निविदा के साथ 100 रू. का स्टाम्प पेपर संलग्न करना आवश्यक है। 3. टेण्डर फार्म के साथ 2% अर्नेस्ट के रूप में खण्ड विकास अधिकारी के पक्ष में एफ.डी.आर./एन.एस.सी. साथ में संलग्न करना अनिवार्य है। 4. निविदा स्वीकृत होने पर 3 दिन के अन्दर प्रतिभूति की धनराशि अद्योहस्ताक्षरी के पद नाम से बन्धक कराना अनिवार्य होगा तथा शासन द्वारा निर्धारित मूल्य के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध कराना तथा समय सीमा के अन्दर कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा। 5. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 6. निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अंतिम अधिकार बिना किसी कारण बताए अद्योहस्ताक्षरी में पूर्णतया निहित है।

राजीव कुमार मौर्य
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत उग्रसेनपुर उर्फ बीबीपुर
वि. ख. प्रतापपुर, प्रयागराज।

जितेन्द्र कुमार शुक्ला
(ग्राम पंचायत अधिकारी)
ग्राम पंचायत उग्रसेनपुर उर्फ बीबीपुर
वि. ख. प्रतापपुर, प्रयागराज।

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2021-22/दिनांक 12-10-2021


# करछना के सोनाई गांव में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न



प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए

अखंड भारत संदेस

**करछना।** विकास खंड करछना के सोनाई गांव में मंगलवार को सरदार पटेल महाविद्यालय में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल के तत्वाधान में प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सभी उम्र के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया । सौ मीटर की दौड़ में विनोद कुमार प्रथम स्थान तथा चेरी द्वितीय स्थान पर रहे । चार सौ मीटर दौड़ में अमित कुमार कुशवाहा प्रथम स्थान तथा अंकित यादव द्वितीय स्थान पर रहे ।आठ सौ मीटर दौड़ में दीपक सिंह प्रथम स्थान व चेरी द्वितीय स्थान पर रहे । पन्द्रह सौ मीटर की दौड़ में अमन पटेल प्रथम स्थान व शिवम कुमार द्वीतिय स्थान पर रहे । तीन सौ मीटर की दौड़ में रविकांत पाल प्रथम स्थान व शिवकुमार दूसरे स्थान पर रहे ।लंबी कूद में शरद निषाद प्रथम स्थान डिस्कस थ्रो में अभिषेक कुमार प्रथम स्थान मोहम्मद साबिर द्वितीय स्थान पर रहे । इसी तरह बालिकाओं की दौड़ में प्रियंका भारतीय प्रथम स्थान व शबनम खान प्रथम स्थान, चार सौ मीटर में नंदिनी कुशवाहा प्रथम स्थान व सुनीता भारतीय दूसरे स्थान पर ,गोला फेंक में खुशबू पटेल प्रथम स्थान व डिस्कस थ्रो में सपना प्रथम स्थान पर रही ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया एवं प्रतिभागी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के कई गांवों से आए हुए प्रतिभागियों ने विकास खंड करछना के बीडीओ जीतेन्द्र कुमार,एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, एडीओ आइ एस बी रामेश्वर सिंह, सन्तोष सिंह,कबूतर पटेल सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### कबड्डी प्रतियोगिता में गामा हॉस्पिटल टीम को हराकर मेजा बनी चैंपियन



**उतरांव।** सैदाबाद ब्लाक अंतर्गत अजहरा विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन हाजी मासुक खान विधायक प्रत्याशी ने फीता काटकर किया। वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पूजा पाल व विजमा यादव रही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद धर्मराज पटेल व रविंदर यादव रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कबड्डी खेल अपने देश से विलुप्त हो जा रहा है इसमें युवाओं को विशेष रूप पर जुड़कर खेलने की जरूरत है।वही प्रतियोगिता में लगभग दर्जनों टीमों ने भाग लिया। बहुत ही मशक्कत के बाद फाइनल मैच गामा हॉस्पिटल हनुमानगंज व मेजा के बीच में खेला गया। मेजा की टीम ने गामा हॉस्पिटल को शिकस्त देते हुए फाइनल पर कब्जा कर लिया। भावी विधायक प्रत्याशी अवधेश नारायण ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन कमलेश यादव ने बखूबी निभाया। उक्त अवसर पर सपा नेता हरिश्चंद्र मास्टर,मावी परवीन,अंकुर यादव, सत्येंद्र अखिलेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रतापगढ़ संदेश

## आरोग्य मेले मे आयुष्मान कार्ड पाकर खिले चेहरे

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय सीएचसी सभागार मे सोमवार की शाम मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित आरोग्य मेले मे ग्रामीण एवं शहरी अंत्योदय लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। बतौर मुख्यअतिथि प्रमुख अमित प्रताप सिंह तथा विशिष्ट अतिथि चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने आयुष्मान कार्ड को गरीब तबके के लिए कल्याणकारी ठहराया। सीएचसी अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता ने लोगों को आयुष्मान कार्ड की उपादेयता समझाते हुए निरोग जीवन को लेकर जागरूकता प्रदान की। कार्यक्रम का संयोजन खण्ड विकास अधिकारी मुनव्वर खां ने किया। कार्यक्रम का संयोजन सत्यपाल चौबे ने किया। मेले मे नगर पंचायत तथा विभिनन्न गांवो से आये लोगों के चेहरे पर आयुष्मान कार्ड मिलने की खुशी भी झलकी दिखी।

# प्रखर चिंतक व समाजवादी राजनेता थे डा0 राम मनोहर




अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संविधान बचाओ संकल्प यात्रा अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में पंहुचा। सर्वप्रथम डॉ. राममनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी।

तत्पश्चात् मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉ0 राम मनोहर लोहिया भारत के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर चिंतक तथा समाजवादी राजनेता थे। भारतीय राजनीति में आज जब हम भ्रष्ट नेताओं को देखते हैं तो मन में उन नेताओं की छवि उभरती है जिन्होंने इस देश की राजनीति को बिना राजनीति में आए ही सही राह पर चलाने का संकल्प लिया था। सत्ता परिवर्तन और समाजवाद के सबसे बड़े परिचायक डॉ. राम मनोहर लोहिया ऐसे ही व्यक्तियों में एक थे। राजनीतिक अधिकारों के पक्षधर रहे।

डॉ लोहिया ऐसी समाजवादी व्यवस्था चाहते थे जिसमें सभी की बराबर हित की हिस्सेदारी रहे। उन्होंने कहा कि आने वाले 2022 में जनता इस अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। हमें जरूरत लोगों के बीच जाकर समझाने की जिससे संविधान को बचाया जा सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुनन यादव, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष अनन सिंह यादव एडवोकेट, पूर्व ब्लाक प्रमुख शांति सिंह, पूर्व जिलापंचायत सदस्य सुषमा पाल, अभिषेक तिवारी एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष जगदीश मौर्य एडवोकेट, समीम खान एडवोकेट, नरेंद्र पाल एडवोकेट, मनीष पाल, वासिक खान आदि लोग मौजूद रहे।

## समारोहपूर्वक मनी डा0 राम मनोहर की पुण्यतिथि

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** डॉ राम मनोहर लोहिया एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व समाज सुधारक, शोषित पीड़ित बेजुबान लोगों के महानायक तथा समाजवाद के प्रेरणता थे। आज उनकी नीतियों सिद्धांतों व विचारों पर चलकर समाजवादी पार्टी पूरे देश में उनकी पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मना रही है। कुंडा विधानसभा समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित लोहिया की पुण्यतिथि के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष भइया राम पटेल श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कही। इस मौके पर सुभाष तिवारी, संतोष पांडे, दिनेश तिवारी, डॉक्टर सुनील तिवारी, हरिलाल पांडे, राजेश कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकार बताये किसके हाथ कोयले की कालिख से रगे हैंः प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा यूपी आउटरीच एण्ड कोआर्डिनेशन कमेटी प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कोयला संकट के चलते देश तथा प्रदेश मे उत्पनन्न अभूतपूर्व विद्युत आपूर्ति के संकट को चिंताजनक हालात ठहराया है।



श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा और गैरभाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी कोयले की भयंकर कमी पर चिंता जताकर इस गंभीर संकट को लेकर विद्युत उत्पादन जारी रखने को लेकर देश के लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सीडब्लूयूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित कराना सीधे तौर पर केंद्र सरकार की जबाबदेही है। मंगलवार को नगर स्थित विधायक मोना के कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में यह बातें कही।

## दुर्गा पण्डालों में दर्शन पूजन करने पहुंचे सीडब्लूयूसी मेंम्बर

इस दौरान सीडब्लूयूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने नवरात्र पर क्षेत्र के ननौती, मंगापुर, उदयपुर, अठेहा, सांगीपुर, बाबा घुइसरनाथ धाम, वर्मा नगर, राजेन्द्र नगर एवं स्थानीय बाजार मे सजे देवी पाण्डालों पर पहुंचकर मत्था टेका। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रमुख अमित प्रताप सिंह, पवन शुक्ल, सुधाकर पाण्डेय, डा. अमिताभ शुक्ल, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी आदि मौजूद रहे।



# मां काली धाम में पहुंचकर राजा अनिल ने देवी मां की उतारी आरती

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नवरात्र के पांचवें दिन आवास विकास कालोनी सी सेक्टर में मां काली धाम पर मां दुर्गा और मां काली की दिव्य आरती प्रतापगढ़ रियासत के राजा वरिष्ठ भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह के हाथों से हुई। इस आरती में कालोनी में सम्मिलित होने के लिए भक्तो का सैलाब उमड़ पड़ा। बतौर मुख्य अतिथि राजा अनिल प्रताप सिंह ने आए सभी भक्त गणों को संबोधित करते हुए मां से प्रार्थना किया कि माता रानी सब पर अपनी कृपा बरसाएं। सभी का जीवन वैभवशाली और सुख समृद्धि से परिपूर्ण हो। कार्यक्रम का संचालन अमितेंद्र श्रीवास्तव ने किया।

आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत सूबेदार शिव प्रसाद मिश्र ने किया और आभार सुशील शुक्ल ने किया। इस अवसर पर अनुराग प्रताप सिंह रज्जू राजा, शशांक भूषण सिंह शंकू, उमेश प्रताप सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मीरा भवन की सभासद के पुत्र धीरज सिंह, मुनन सिंह, हरदेव सिंह, मनोज श्रीवास्तव, संतोष वर्मा, बंटू मिश्र, पूर्व सभासद आशा किरण, सोनी शर्मा, कालिंदी पांडेय, अलगू वर्मा, पंकज कौशल, राजकुमार गुप्ता, के एल शर्मा, पप्पू यादव, अंशु मिश्र, विकास चौधरी, संत प्रसाद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## किसानों को अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में दी गई जानकारी

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत विशेष राष्ट्रीय स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को निकरा प्रोजेक्ट के अन्तर्गत चयनित ग्राम छाछामऊ में किया गया जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के स्टाफ व गॉव के किसानों को यह शपथ दिलायी गयी कि वह अपने आस-पास एवं गॉव को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग करेंगे। इस अभियान के अर्न्तगत कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अपशिष्ट प्रबन्धन, फसल अवशेष प्रबन्धन, नाडेप कम्पोस्ट आदि की उपयोगिता की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया। इस अवसर पर केन्द्र के वैज्ञानिक डा0 ए0के0 श्रीवास्तव, डा0 नवीन कुमार सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रशान्त उपाध्याय, यतेन्द्र कुमार के साथ-साथ गॉव के प्रधान श्री पवन कुमार सहित रावेन्द्र कुमार, रोशन लाल, शिव प्रकाश, हरिश्चन्द्र, रविशंकर शुक्ल, राजकुमार सरोज, ऊषा देवी, कल्पना सावित्री आदि सक्रिय कृषकों ने भाग लिया।

# हाइड्रोलिक मंच पर हुए राम विवाह के साक्षी बने जिले के प्रतिनिधिगण

## गुलाब के फूलों से हुआ विवाह सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित राम विवाह की बारात देर रात चौक पहुंची जहां पर 50 फीट ऊपर बने आधुनिक हाइड्रोलिक पर गुलाब के फूलों से भगवान राम और सीता का विवाह संपनन्न कराया गया।

क्रेन द्वारा हाइड्रोलिक को 50 फीट ऊपर ले जाकर आधुनिक लाइटों से सुशोभित हाइड्रोलिक पर माता सीता ने भगवान रामचंद्र को वरमाला पहनाई। वहां हजारों की संख्या में मौजूद राम भक्तों ने पुष्पवर्षा की और रामचंद्र जी के विवाह के मुख्य अतिथि सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजकुमार पाल, ब्लाक प्रमुख मंगरौरा नंदन भैया, एडिशनल एसपी, सी0 ओ0 सिटी अभय कुमार पांडे, डॉक्टर मनीष सिंह,



समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, आयोजक दिनेश सिंह दिनन्नू, अध्यक्ष श्याम शंकर सिंह, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, प्रदीप होंडा, राजेंद्र केसरवानी अध्यक्ष व्यापार मंडल ने भगवान राम सीता की आरती उतारी। महिलाओं ने घंटाघर पर से पुष्पवर्षा की। राम सीता विवाह की खुशी में सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक सदर राजकुमार पाल, ब्लाक प्रमुख नंदन भैया, संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, दिनेश सिंह दिनन्नू, विपिन गुप्ता आदि पदाधिकारी झूमकर नाचते गाते रहे। इस अवसर पर रविंद्र कुमार, पंकज शुक्ला, सुनील सोनी, बंटी, राकेश, अभिषेक कश्यप, पितांबर सोनी, पप्पू चौरसिया, परमानंद, विनय सिंह, रोहित, राज, रवि खंडेलवाल, रवि अग्रवाल, रविंद्र, राजू, हर्षित केसरवानी, रजत खंडेलवाल, अमन, सूरज, लखन बाबा, राजू अग्रवाल आदि राम विवाह को सफल बनाने में लगे रहे।

# नगर पालिका के ईओ ने विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

## पहले बने गड्ढों को रिपेयर कर साफ-सफाई का दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ मंगलवार को अपरान्ह में देवी मूतिर्यों के विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। बता दें कि बेल्हा देवी मंदिर के पास से गत वर्ष विसर्जन के लिये गड्ढे बनाये गये थे, जो अब ठीक हालत में नहीं हैं। नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने विसर्जन स्थल पर साफ-सफाई का निर्देश दिया था। इसके अलावा शासन ने भी विसर्जन स्थल की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने का निर्देश दिया था जिसके तहत नगर पालिका के ईओ मुदित सिंह, सफाई निरीक्षक एसके सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के डीपीएम वरुण कुमार सिंह व आशीष मिश्रा आदि को लेकर बेल्हा देवी मंदिर के बगल पहुंचे। उन्होंने कहा कि इन गड्ढों की मरम्मत कर साफ-सफाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विसर्जन में भक्तों को कोई परेशानी न हो पाए, इसके लिये विसर्जन स्थल की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। बता दें कि नगर व आसपास के ज्यादातर देवी मूतिर्यों में अधिकांश विजय दशमी के दिन विसर्जन होगा। शहर की कुछ मूतिर्यां भरत मिलाप के बाद विसर्जित होंगी। नगर पालिका रामलीला मैदान की साफ-सफाई में विगत कई दिनों से लगी हुई है। मेले में बडे़-बडे़ झूले लग गये है लेकिन जो रास्ता रामरथ के लिये नगर पालिका ने बनाया है, उसे प्राइवेट बसों का झुण्ड वहां जाकर उसे क्षतिग्रस्त कर रहा है। नगर पालिका और प्रशासन को इस पर भी ध्यान देना होगा।



## अज्ञात बाइक लुटेरों पर मामला दर्ज

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोमवार को तेलियानी गांव का रहने वाला श्रवण कुमार उर्फ मोनू तेरहमील अपने नाना की दवाई देने के लिए जा रहा था जैसे ही वह सदहा स्थत काशी प्रसाद इंटर कॉलेज के पास पहुंचा पीछे से बाइक से आये तीन नकाबपोश बदमाशों ने उसे ओवरटेक करके रोक लिया और तमंचा सटाकर उसका मोबाइल व बाइक छीन लिया पीड़ित ने मामले की सूचना आसपुर देवसरा पुलिस को दिया। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन मामला पट्टी कोतवाली के बता दिया पीड़ित ने मंगलवार को मामले में तहरीर दिया तो पट्टी पुलिस ने तीन अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।



# कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व वार्ड अध्यक्षों को किया गया प्रशिक्षित

## कांग्रेस का ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेत्तृत्व में एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शहर के एक मैरेज हाल में सम्पनन्न हुआ। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इरफान अली ने संयुक्त रुप से प्रशिक्षण शिविर का विधिवत उद्घाटन किया।कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला एवं कांग्रेस सेवादल के शहर अध्यक्ष ज्योति कुमार तिवारी उर्फ गल्ली तिवारी ने संयुक्त रुप से वंदे मातरम गीत गाकर प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत किए। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी एवं संचालन शहर अध्यक्ष इरफान अली ने किया।

उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों से आये प्रशिक्षकों ने अनेक विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सदर, बेलखरनाथ ब्लॉक के दो न्याय पंचायत फेनहा, आसलपुर के पदाधिकारीगण, न्याय पंचायत के पदाधिकारीगण एवं ग्राम पंचायत अध्यक्षों एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण एवं वार्ड अध्यक्षों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्रा, जिला कांग्रेस महासचिव डॉ प्रशांत देव शुक्ला,जिला कांग्रेस महासचिव विजय शंकर त्रिपाठी, शहर कांग्रेस प्रभारी मोहम्मद इश्तियाक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ वी.के. सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बशीर पहलवान आदि मौजूद रहे।

# चहेते उद्योगपतियों को रेल बेचेगी सरकार

## फिरोजपुर के मेंस यूनियन के मंडल मंत्री का प्रतापगढ़ में स्वागत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मेंस यूनियन फिरोजपुर के मंडल मंत्री शिवदत्त शर्मा ने कहा कि सरकार रेल के टुकड़े कर अपने चहेते उद्योग पतियों के हाथों बेंच देगी। आने वाले समय में बेरोजगारी की बड़ी समस्या होगी। इससे युवकों के सामने रोजगार का संकट खड़ा होगा। उनके सामने नौकरी पाना एक बड़ी चुनौती होगी। पटना में आयोजित आल इंडिया रेलवे मेंस फेडीरेशन की वर्किंग कमेटी से अर्चना एक्सप्रेस से वापस लौटते समय प्रतापगढ़ स्टेशन पर नॉर्दर्न मेंस यूनियन के शाखा अध्यक्ष मोहम्मद शफीक की अगुवाई में लोगों ने फूल माला से स्वागत किया। शिव दत्त ने कहा कि साथियों ने जो स्वागत किया है उस से मैं अभिभूत हूँ। उन्होंने अमृतसर में 11, 12, 13 को होने वाली फिरोजपुर मण्डल की एजीएम में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि यूनियन निजीकरण से रेल को बचाने के लिए हर स्तर पर आंदोलन करेगी। सरकार के मंसूबों को पूरा नहीं होने देगी।अजय आनंद, मनीष पाण्डे, ओ पी राव, राज किशोर, रणबीर सिंह, एके सिंह ,बी एल यादव, विजय यादव, अजय यादव, हरिकेश वर्मा व सलामत उल्ला मौजूद थे।

## गांव के विकास से होगा देश का वास्तविक विकासः अजय

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विकास खंड पट्टी के ब्लॉक सभागार में मंगलवार को पंचायती राज विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। शासन द्वारा नामित मुख्य ट्रेनर के रूप में अजय क्रांतिकारी ने विस्तार से ग्राम प्रधानों को गांव के विकास से संबंधित योजनाओं के संबंध में उसे संचालित करने के तौर-तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गांव का विकास ही देश का वास्तविक विकास है। कार्यक्रम का शुभारंभ पट्टी ब्लाक प्रमुख राकेश सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने किया। मुख्य प्रशिक्षक अजय क्रांतिकारी ने कहा कि विकासखंड पट्टी के 30 ग्राम प्रधानों को मंगलवार को प्रशिक्षण दिया गया शेष बचे हुए प्रधानों को बुधवार को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# प्रतापगढ़ से सीएमआई और आईटी का पद समाप्त

## रेल महकमे लखनऊ मंडल की बड़ी कार्यवा, सीएमआई सुल्तानपुर और रायबरेली देखेंगे कामकाज

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ सेक्शन सीएमआई अभिमन्यु सरोज और सीएमआई आईटी ओपी राव को को हटाने के बाद वाणिज्य विभाग लखनऊ ने प्रतापगढ़ की इन दोनों पोस्ट को ही खत्म कर दिया है। अब यहां का काम सुल्तानपुर और रायबरेली के सीएमआई देखेंगे। सीनियर डीसीएम लखनऊ मंडल कार्यालय से इसका पत्र निर्गत होने के बाद दोनो पूर्व सीएमआई पैदल हो गये। अब इनको विंडो और पार्सल में पूर्व की तरह ड्यूटी बजानी होगी। पत्र के साथ ही सारी हेकड़ी निकल गई है। हालांकि ओपी राव पहले से ही अस्वस्थ थे। यही वजह थी कि उन्होंने कुछ दिनों बाद ही सीएमआई पड़ छोड़ दिया था। उनकी जगह अभिमन्यु को यह पद मिला था। राव सीएमआई आईटी हो गये थे। जानकारों का मानना है कि सीएमआई बनने के बाद अभिमन्यु की अपने अधीनस्थ के बीच काम को लेकर बेहतर तालमेल बनाने में सफल नहीं हो सके। बातचीत का लहजा अधिकारियों वाला रहता था। अपने सीनियरों से भी तू, तड़ाक से बात करते थे। जो लोग पहले भी इनको नहीं पसंद करते थे। उन्होंने इनके खिलाफ गुटबाजी शुरू कर दी थी। काम को लेकर उनकी अक्सर इनसे तकरार होती थी। कई बार शिकायत मंडलीय कार्यालय भी पहुंची। वहां बुलाकर समझाया गया। लेकिन रवैये में बदलाव नहीं आया। कुछ दिन पहले सफाई के पैसे को लेकर मऊआइमा एसएस वीरेंद्र चौरसिया से भी विवाद हो गया था।

एसएस ने इसकी लिखित शिकायत सीनियर डीसीएम जगतोष शुक्ला से की थी। उन्होंने पत्र को संज्ञान में लिया। सोमवार को उस पर कार्यवाई कर दी। अभिमन्यु सरोज और उनके कथित गुरु आईटी ओपी राव को न केवल पद से हटा दिया। बल्कि प्रतापगढ़ से इन दोनों पदों को ही खत्म कर दिया है। जो अपने आप में एक बड़ी कार्यवाई माना जा रहा है। अब ये दोनों सीसीएस राजकिशोर के अधीन काम करेंगे। बुकिंग और पार्सल में बाकी कर्मचारियों की तरह डयूटी करेंगे। बुकिंग और पार्सल के कर्मचारियों का कहना है कि सीएमआई राजकिशोर को भी हटाना चाहिए। इनकी भी कार्यशैली संतोष जनक नहीं है। अभिमन्यु को इनको संरक्षण प्राप्त है। दूसरे को सीसीएस बनना चाहिये। इसकी चर्चा जोर शोर से है। पता चला है कि अभिमन्यु ने सीएमआई का कार्य न करने की इच्छा व्यक्त की थी। इसके बाद आरक्षण में सफाई अभियान चलना है। पता चला है कि यहां भी बड़े पैमाने पर अनियमितता है।

## खबर संक्षेप

### पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली पुलिस उपनिरीक्षक नित्यानन्द सिंह मयफोर्स पुलिस बल द्वारा भा0द0वि0 व पॉक्सो एक्ट एवं 3(2)5/3(1)ध एससी0 एसटी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सर्वेश विश्वकर्मा उर्फ अनिल पुत्र कुंवर बहादुर निवासी खेरवा बरौला थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया है अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### आए दिन कार्यालय से गायब रहते हैं आरके गौतम बाबू

**कौशांबी।** उप संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में लिपिक के पद पर तैनात आरके गौतम बाबू ड्यूटी छोड़कर अक्सर कार्यालय से गायब रहते हैं जिससे इनके टेबल पर वाहन स्वामियों का काम नहीं हो पाता है जिससे पूरे दिन वाहन स्वामी कार्यालय में भटकते रहते हैं सरकारी कार्यालय को सरकार के नियम से चलाने के बजाय यह अपनी मनमर्जी से चलाना चाहते हैं जिससे वाहन स्वामी परेशान हैं कार्यालय से गायब रहने के बाद भी इनकी अनुपस्थिति रजिस्टर में नहीं दर्ज होती है विभाग के किसी भी कर्मचारी और अधिकारी का यह साहस नहीं है कि कार्यालय से गायब होने के बाद इनकी अनुपस्थिति रजिस्टर में दर्ज कर दे जब यह कई दिन बाद ड्यूटी पर पहुंचते हैं तो कई दिन की उपस्थिति एक साथ एक दिन में दर्ज कर देते हैं।

# जुआ के रकम बंटवारे को लेकर युवक की हुई थी हत्या

## 19 व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर की पूछताछ 17 को ले देकर छोड़ा दो आरोपी भेजे गए जेल जुआ संचालक पर पुलिस ने नहीं डाली नजर

**अखंड भारत संदेश**



हत्याकांड के खुलासे की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक पीछे खड़े अभियुक्त

**कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र के कशिया पूर्व ग्राम में युवक की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर आरोपियों को जेल भेज दिया है युवक की हत्या में थाना पुलिस ने बड़ा खेल किया है इस मामले में जांच के नाम पर इलाके के 19 लोगों को पुलिस गिरफ्तार कर थाना लाई थी इनमें 2 लोगों को जेल भेजने के बाद 17 लोगों को छोड़ने के एवज में बारी-बारी से थाना पुलिस ने बड़ी वसूली की है सूत्र बताते हैं कि 20 हजार से लेकर 90 हजार तक की रकम आरोपियों को छोड़ने के एवज में थाना पुलिस ने वसूली की है हत्याकांड के खुलासे में पुलिस ने एक और बड़ी भूल की है इलाके की पुलिस की साठगांठ से संगठित अपराध जुआ की फड़ सज रही थी लेकिन जुआ की फड़ सजने के मामले में लापरवाह चौकी इंचार्ज पर कार्यवाही नही की गई है और जुआ संचालक को पुलिस ने इस मामले में बेकसूर मानते हुए बेनकाब कर उस पर कठोर कारवाही करने की कोशिश नही की जिससे जुआ की फड़ नहीं बंद हो सकी है और फिर बड़े अपराध हो सकते हैं आखिर यदि जुआ की फड़ ना संचालित हुई होती तो युवक की हत्या शायद ना होती।

बताते चलें कि 8 अक्टूबर को ग्राम कसिया पूरब थाना कोखराज क्षेत्रान्तर्गत खेत में एक अज्ञात शव मिला था जिसके सम्बन्ध में थाना कोखराज पर मु0अ0सं0 440/21 धारा 302 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया, जिसमें एसओजी प्रभारी और प्रभारी निरीक्षक कोखराज की टीम का गठन कर घटना के अविलम्ब खुलासा हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर पुलिस टीमों द्वारा आस-पास के लोगों से पूछताछ किये जाने पर मृतक की पहचान अरबाज उर्फ अब्दुल रहमान पुत्र इरफान मंसूरी निवासी कसिया पूरब के रूप में हुई थी, गठित पुलिस की टीमों द्वारा स्थानीय लोगों से गहन पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक अरबाज अपने कुछ साथियों के साथ जुआ खेलता था, जिसपर पुलिस टीम द्वारा मृतक के साथियों से पूछताछ करने पर जुआ खेलते समय अभियुक्त दुबरी उर्फ धिरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पुत्र हिरा लाल, पत्तल उर्फ मिथलेश पुत्र स्वर्गीय चन्द्रपाल निवासीगण कसिया पूरब थाना कोखराज से विवाद की बात प्रकास में आई, जिनसे कड़ाई से पूछताछ करने पर उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा मृतक अरबाज से विवाद के बाद हत्या की बात को स्वीकार कर लिया पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है लेकिन सवाल उठता है कि जुआ संचालक कौन है।

# लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के डीएम ने दिये निर्देश

**डीएम ने आई0जी0आर0एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी की प्रकट**

**अखंड भारत संदेश**



बैठक में उपस्थित जिला अधिकारी वा अन्य

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित सम्राट उदयन सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा की बैठक में वाणिज्यकर, आबकारी, स्टॉम्प एवं रजिस्ट्रेशन, परिवहन, विद्युत देय , नगर- निकाय, खनन एवं वन विभाग में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए संबंधित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के भी निर्देश दिए 'जिलाधिकारी ने आई0 जी0 आर0 एस0 की समीक्षा के दौरान आई0 जी0 आर0 एस0 के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण न किये जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा आगामी बैठक में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी ' उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक अधिक पाये जाने पर भी कड़ी नाराजगी प्रकट की ' उन्होंने संबंधित अधिकारियों को डिफाल्टर सन्दर्भों को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिये ' उन्होंने अधिशासी अभियंता, विद्युत को ट्रांसफार्मर को निर्धारित समयान्तर्गत बदलने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



भोले बाबा की बारात में झूमती महिलाएं

# धूमधाम से निकली छठवीं के दिन भगवान भोले बाबा की बारात

**अखंड भारत संदेश**

**मेहता रोड से उठी भोले बाबा की बारात में नगर के सैकड़ों नर नारी नाचते गाते भोले का जयकारा लगाते हुए बारात में हुए शामिल**

**भरवारी कौशाम्ब।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत मेहता रोड की सैकड़ो महिलाओ संग बच्चो व पुरुष लोगो ने गाजे बाजे के साथ भगवान शिव शंकर की बारात मैं शामिल हुए बड़े ही धूमधाम से भोले बाबा की बारात नगर में घूमी इस मौके पर नगर की महिला पुरुष बच्चे बड़ों के साथ संभ्रांत लोग मौजूद थे। आपको बता दे कि इस वक्त माता के नवरात्रि में भक्ति की बयार चल रही है जिसमें कस्बा में दर्जनों भक्तो ने मा दुर्गा की मूर्ति को स्थापित कर रखा है जिससे कस्बा में भक्ति की बयार बह चल रही है ' इस मौके पर कस्बा में शिव बाबू केशरवानी संजय केशरवानी अजय केशरवानी सुनील कुमार अमित कुमार अनमोल कुमार हर्षित केशरवानी पप्पू बतासा प्रिंस बच्चा मुनीम आदि लोग मौजूद थे।

# अवारा जानवर से बाइक सवार भिड़े एक की मौत दो घायल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के कृष्ना डोली बड़की बाग के पास बाइक सवार तीन युवक अवारा जानवर से भिड़ गए जिसमे एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई हैं और दो युवक गम्भीर घायल हो गए हैं।

मौके पर पहुची चरवा पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहाँ पर उनका इलाज चल रहा है और मृतक युवक की लाश को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे में घायल और मृतक कोखराज थाना क्षेत्र के रहने वाले बताए जाते हैं। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी के रहने वाले साहब लाल पटेल उम्र 25 वर्ष अपने दो अन्य साथियों के साथ जुगवा बाग में धारा सिंह यादव के घर काम करने गए थे जहां से दो अपने अन्य साथियों के साथ वह बाइक से वापस भरवारी लौट रहे थे जैसे ही बाइक सवार कृष्णा डोली गांव के पास पहुंचे कि आवारा जानवर से उनकी टक्कर हो गई आवारा जानवर से टक्कर होते ही बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े इस हादसे में घटनास्थल पर साहब लाल पटेल की मौत हो गई है और उसके दो अन्य साथी गंभीर घायल हैं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेज दिया है घटना की सूचना हादसे के शिकार लोगों के परिजनों को दे दी गई है।

# संचारी रोग नियंत्रण के लिए शुरू होगा बड़ा अभियान : सीएमओ

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** संचारी रोगों के संक्रमण को हराने के लिए जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का संचालन किया जायेगा। यह अभियान 18 अक्टूबर से 17 नवंबर तक चलेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए फ्रंटलाइन वर्कर आशा एवं आंगनबाड़ी की मुख्य भूमिका रहेगी मुख्य चिकित्साधिकारी डा॰ केसी राय ने बताया कि 18 अक्टूबर से एक नवंबर तक दस्तक अभियान भी चलाया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बुखार आईएलआई, टीबी, कोरोना, खांसी आदि बीमारियों के मरीज का पता लगाएँगी। इसके साथ ही वह कुपोषित बच्चों का सर्वे करेंगी और इसकी सूचना स्वास्थ विभाग को देंगी। वहीं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह बीमार लोगों को इलाज मुहैया कराएं व नियमित रूप से अभियान की समीक्षा करें।

- नियमित रूप से अभियान की समीक्षा करेंगे मुख्य चिकित्साधिकारी
- आशा एवं आंगनबाड़ी घर -घर देंगी दस्तक
- साफ-सफाई एवं कोविड-19 को लेकर किया जाएगा जागरूक
- बुखार, जुखाम, डेंगू, क्षय रोगी व कुपोषित बच्चों की सूची होगी तैयार
- कोरोना टीकाकरण के किया जाएगा लोगों को प्रेरित : नोडल अधिकारी
- संचारी की रोकथाम में मदद करेंगे कई विभाग : जिला मलेरिया अधिकारी

### कोरोना टीकाकरण के लिए करेंगी प्रेरित

**कौशाम्बी।** वेक्टरबोर्न के नोडल अधिकारी डा॰ हिन्द प्रकाश मणि ने बताया कि फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी दी गई है। इसमें वह बुखार, जुखाम, डेंगू, क्षय रोगी और कुपोषित बच्चों की सूची तैयार करने का काम करेंगी। इसके साथ ही अभियान में शामिल टीमों की यह भी जिम्मेदारी होगी कि वह कोरोना टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करें।

### निम्न विभाग करेंगे अभियान में मदद

**कौशाम्बी।** जिला मलेरिया अधिकारी अनुपमा मिश्रा ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को अभियान का नोडल बनाया गया है। इसके साथ ही नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम विकास विभाग, पशुपालन विभाग, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग, सूचना विभाग, उद्यान विभाग को सहयोगी विभाग के रूप में शामिल किया गया है। इन विभागों को जिम्मेदारी दी गई है कि वह संचारी की रोकथाम में मदद करें। इस दौरान साफ-सफाई एवं कोविड-19 को लेकर मास्क और उचित दूरी बनाए रखने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### सिद्धि विनायक कमेटी द्वारा विशाल कन्या भोज का आयोजन



**कौशाम्बी।** नवरात्र के पर्व पर देवी मंदिर और पांडवों में भक्तों द्वारा कन्या भोज का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में मंझनपुर नगर पालिका के नेहरू नगर स्थित शिव मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा में सिद्धिविनायक कमेटी के पदाधिकारियों ने विशाल कन्या भोज का आयोजन किया है जहां कन्याओं की पूजा करने के बाद कमेटी के पदाधिकारियों ने उनको भोजन कराया है कन्या भोज में मोहल्ले के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया है । नवरात्रि के पर्व पर देवी मंदिर से लेकर देवी पंडाल में भक्त गणों द्वारा मां की पूजा अर्चन कर मां का जयकारा लगाया जा रहा है इन दिनों नवरात्रि दुर्गा पूजा के चलते पूरे जिले में भक्ति की बयार बह रही है मां के जयकारा से वातावरण गूंज रहा है सुबह से देर रात तक महिला पुरुष बच्चे बूढ़े मां दुर्गा की पूजा अर्चन भक्ति में लीन दिखाई पड़ते हैं जिले के मंझनपुर के नेहरू नगर स्थित शिव मंदिर में श्री सिद्धि विनायक कमेटी के द्वारा नव दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है इसी तरह जिले के प्रत्येक गांव नगर कस्बे में मां दुर्गा की प्रतिमा पांडाल में स्थापित कर भक्त मां की पूजा अर्चन जयकारा कर रहे हैं इस अवसर उज्वल केशरवानी भानू केशरवानी शंकर गुप्ता सत्यम मोदनवाल शैलेन्द्र मोदनवाल टिंकू केशरवानी जानी गुप्ता शिवम केशरवानी प्रभाकर केशरवानी अंशीत मोदनवाल ऋषभ आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

### होम्योपैथी में गठिया रोगों का उत्तम इलाज : डॉ अनिल त्रिपाठी



**कौशांबी।** मरीजों के बीच अच्छी पहचान रखने वाले शिव नायक पाली क्लीनिक अस्पताल के डॉक्टर अनिल त्रिपाठी का कहना है कि गठिया रोग के इलाज में होम्योपैथी पद्धति से उत्तम इलाज की व्यवस्था है उन्होंने कहा कि रोगी को खान-पान व्यायाम पर ध्यान रखना होगा और जोड़ों के दर्द से संबंधित जितने भी रोग हो गए है वह होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से ठीक हो सकते हैं उनका कहना है कि अर्थराइटिस को आम भाषा में गठिया रोग भी कहते हैं और गठिया जोड़ों की सूजन व दर्द से जुड़ा हुआ एक गंभीर रोग है इस रोग में लापरवाही करना मनुष्य को कष्टकारी होता है डॉ अनिल त्रिपाठी का कहना है कि यह रोग आमतौर पर ओस्टियो आर्थराइटिस एवं कर्मो राइड के रूप में जाना जाता है डॉ अनिल त्रिपाठी का कहना है कि हड्डियों के जोड़ों में जब यूरिक एसिड जमा होने लगता है तो वह गठिया रोग का रूप ले लेती है इसके बाद रोगी के एक या एक से अधिक जोड़ों में दर्द अकड़न और सूजन आ जाती है जिससे रोगी को चलने फिरने में दिक्कतों परेशानियों से गुजरना पड़ता है उन्होंने कहा कि होम्योपैथी में गठिया रोग की बहुत ही अच्छी दवाएं आती हैं जो कुशल डॉक्टर की सलाह पर लिया जा सकता है गठिया रोग से पीड़ित सैकड़ों मरीज डॉ अनिल त्रिपाठी की सलाह पर होम्योपैथी की दवा के राहत पा चुके हैं इनकी इस कार्य कुशलता पर मरीज खुलकर चर्चा कर रहे हैं

### मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**महिला ने ससुराली जनों पर लगाया हत्या का आरोप**



**अझुवा कौशाम्बी।** कड़ा धाम कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने ससुराली जनों पर अपनी मासूम पुत्री की हत्या का आरोप लगाकर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार रीना देवी पत्नी अर्जुन निवासी औरेनी कड़ा धाम ने बताया कि उसका पति काम धंधे के सिलसिले में दिल्ली में रहता है वह अपने दुधमुंही बच्ची साक्षी के साथ परिवारी जनों के साथ रहती है आज रीता देवी अपनी बच्ची को खिला पिलाकर थोड़ी देर के लिए बाहर चली गयी लौट कर देखा तो साक्षी बेहोश पड़ी थी तत्काल डॉक्टर को दिखाया जहां डॉक्टर ने मौत होने की सूचना दी महिला के अनुसार घर के परिजनों ने उसकी दुधमुंही बेटी की हत्या की है कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजकर कार्रवाई में जुट गई है!!वहीं ग्रामीणों में तरह तरह की चचाएँ हैं!

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना : दलहन घटक मसूर मिनी किट का किया वितरण



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कृषि बीज भंडार के प्रांगड़ में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत दलहन घटक मसूर मिनी किट का वितरण किया गया मुख्य अतिथि सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल उर्फ पप्पू पटेल ने कहा किसान के द्वार तक दलहन और पोषक अनाज की अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवम उनकी अधिकतम आय वृद्धि हेतु दलहन घटक मसूर किट का वितरण किया गया है इस अवसर पर जगमोहन सिंह केंद्रीय बीज भंडार प्रभारी गोदाम इंचार्ज रमेश चंद्र सलाहकार राधेश्याम ,शिवशंकर सहित तमाम लाभार्थी किसान मौजूद रहे।

# पब्लिक परेशान : सड़क पर लगता है बकरा बाजार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल नगर पंचायत द्वारा बकरा बाजार सप्ताह में दो दिन बीच सड़क पर लगवाया जाता है।बकरा बाजार के लिए सराय अकिल पावर हाउस चौराहा के पास जमीन उपलब्ध कराई गई है।लेकिन बाजार की वसूली करने वाला दबंग ठेकेदार बाजार को बीच सड़क पर लगवाता है बीच सड़क पर बाजार लगाए जाने के मामले में स्थानीय पुलिस भी ठेकेदार के आगे नतमस्तक है बताया जाता है कि डिब्बे में मिठाई के साथ नोट पहुंचाई जा रही है जिससे ठेकेदार के कारनामे पर पुलिस कार्यवाही करने का साहस नहीं कर पाती है बीच सड़क पर बाजार लगाए जाने से आम जनमानस को आने जाने में दिक्कतों से जूझना पड़ता है कभी-कभी तो भीड़ के चलते लड़ाई झगड़े हो जाते हैं लेकिन दबंग ठेकेदार पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है चौराहा के समीप दो विद्यालय है जहाँ छोटे छोटे बच्चें पढ़ने के लिए आते है।सड़क पर बाजार लगने के कारण मोहल्ले वालों को तथा आने जाने वालों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।यहाँ तक कि विवाद हो जाता है।दुकानदार भी सड़क पर अपनी ठेला बीच बाजार में खड़ा करने का प्रयास करता है।बकरा लादने वाले वाहन भी बाजार के अंदर खड़ी कर उसमें चारो तरफ बकरा बांध देते है।

**दबंग ठेकेदार के बीच सड़क पर अवैध वसूली के चलते स्कूली बच्चों सहित आमजनता को आने जाने में होती है परेशानी**



### दुर्घटना को दावत देता है बकरा बाजार

**कौशाम्बी।** बकरा बाजार के कारण सड़क पर बेढंगे तरीके से वाहन खड़ा कर देते है।जो कि किसी दिन बड़े हादसे का कारण बन सकता है।सवाल यह उठता है कि वसूली बन्द होने के बावजूद बाजार की वसूली किसके कहने पर होती है।क्या वसूली जायज है।देखना यह है कि नगर पंचायत बाजार के लिये कुछ कार्यवाही करता है या फिर आम जनता को कुछ करने के लिये मजबूर करता है।

# किसान हत्याकांड को लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

**लखीमपुर खीरी किसान हत्याकांड में जान गंवाने वाले मृत किसानों की आत्मा की शांति के लिए मौन रहकर ईश्वर से की प्रार्थना**

**अखंड भारत संदेश**



लखीमपुर खीरी प्रकरण पर एडीएम को ज्ञापन सौपते समर्थ किसान मंच के पदाधिकारी

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने लखीमपुर खीरी किसान हत्याकांड के विरोध में जिला मुख्यालय मंझनपुर में आंदोलन किया और मृत किसानों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीनों विवादास्पद किसान विधेयकों को वापस लिए जाने एवं जनपद कौशांबी में जारी अघोषित बिजली कटौती को लेकर आवाज बुलन्द की। समर्थ किसान पार्टी द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला पंचायत परिसर मंझनपुर में पार्टी के तमाम कार्यकर्ता एवं किसान एकजुट हुए। इस दौरान लखीमपुर खीरी किसान हत्याकांड और जिलेभर में जारी विद्युत कटौती का मुद्दा छाया रहा। इस अवसर पर पार्टी नेता अजय सोनी एवं पार्टी के तमाम कार्यकताओं और किसानों ने लखीमपुर खीरी किसान हत्याकांड में अपनी जान गंवाने वाले तमाम निर्दोष किसानों की मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की और मृत किसानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि लखीमपुर खीरी किसान हत्याकांड भाजपा सरकार के किसान विरोधी अभियान का हिस्सा है। केंद्र एवं राज्य सरकार के दबाव में पुलिस दोषियों पर लचीला रुख अख्तियार कर रही है। आगे कहा कि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को लेकर भारत सरकार अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जिससे जाहिर होता है कि सरकार अपराधियों को बचाने में लगी हुई हैं। इस अवसर पर सर्वसम्मति से केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को मोदी मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की गई। इसके बाद पार्टी नेता अजय सोनी के आवाहन पर पार्टी कार्यकताओं ने जिला पंचायत परिसर से जिलाधिकारी कार्यालय तक मोटर साइकिल जुलूस निकाला और किसानों के हत्यारों को फांसी दो...फांसी दो... किसान विधेयक वापस लो...वापस लो... के नारे लगाए। साथ ही बिजली विभाग द्वारा जिलेभर में जारी विद्युत कटौती को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ भी हुंकार भरी। इसके बाद सभी लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर प्रदर्शन किया और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी जयचंद्र पांडेय को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में लखीमपुर खीरी किसान हत्याकांड के दोषी लोगों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर फांसी देने, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त करने, मृत किसानों को शहीद का दर्जा देने, केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक रूप से देश एवं प्रदेश के किसानों से माफी मांगने, किसान विधेयकों को वापस लेने, जिले भर में जारी विद्युत कटौती बन्द कर रोस्टर से 18 घंटे विद्युत आपूर्ति करने जैसी मांगे शामिल थीं। ज्ञापन स्वीकार करते हुए अपर जिलाधिकारी ने ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को भेजने का प्रदर्शन कर रहे लोगों को भरोसा दिलाया। इस अवसर पर प्रेम चन्द्र केसरवानी, सुरजीत वर्मा, घसीटे लाल सरोज, अली रजा, राजेश सरोज, महेंद्र सरोज, गोविंद मिश्र, विजय सिंह लोधी, परिहार सिंह लोधी आदि मौजूद रह।

## सम्पादकीय

### विवाद नहीं, समाधान

देश के पावर प्लांट्स में कोयले के महज चार दिन के रिजर्व को हम घबराहट पैदा करने वाला न मानें तो भी इसमें दो राय नहीं कि यह आम तौर पर आवश्यक माने जाने वाले रिजर्व से कम है। इस कमी के जो कारण सरकारी तौर पर बताए जा रहे हैं उनमें एक तो यह है कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी की बदौलत बिजली की मांग में अचानक बढ़ोतरी हो गई। एक बार फिर केंद्र और राज्य सरकारें आमने सामने दिख रही हैं। इस बार मामला देश में उत्पन्न कथित कोयला संकट का है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कोयले की आपूर्ति में कमी की शिकायत की और अनुरोध किया कि वह दखल देकर दिल्ली को कोयले की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करवाएं। इसके बाद केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने बयान जारी कर दावा किया कि कोयले की कमी को लेकर बेवजह ही घबराहट की स्थिति पैदा कर दी गई है और यह कि देश में कोयले की कोई कमी नहीं है।

उनके मुताबिक ऐसा गेल और टाटा की ओर से मिसकम्युनिकेशन की वजह से हुआ। मगर कोयले की कमी की शिकायत करने वाला दिल्ली अकेला राज्य नहीं है। महाराष्ट्र में 13 थर्मल पावर प्लांट बंद करने पड़े हैं। पंजाब में कई इलाकों में रोटेशनल लोड शेडिंग शुरू की जा चुकी है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने भी हालात की गंभीरता को देखते हुए प्रधानमंत्री से तुरंत निजी तौर पर दखल देने का अनुरोध किया है। कई अन्य राज्यों में पावर कट की नौबत आने की खबरें हैं। ऐसे में अगर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के दावे को सही मान लिया जाए तो भी यह देखने की जिम्मेदारी केंद्र की ही बनती है कि आखिर विभिन्न राज्यों में बिजली की किल्लत की नौबत क्यों आ रही है।

देश के पावर प्लांट्स में कोयले के महज चार दिन के रिजर्व को हम घबराहट पैदा करने वाला न मानें तो भी इसमें दो राय नहीं कि यह आम तौर पर आवश्यक माने जाने वाले रिजर्व से कम है। इस कमी के जो कारण सरकारी तौर पर बताए जा रहे हैं उनमें एक तो यह है कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी की बदौलत बिजली की मांग में अचानक बढ़ोतरी हो गई। दूसरे, सितंबर में हुई बारिश के चलते कोयले के उत्पादन में व्यवधान पड़ा। इसके अलावा कोयला आयात का महंगा होना और राज्य सरकार की ओर भुगतान का बकाया जैसे कारकों की भूमिका भी बताई जा रही है। लेकिन इनमें से कोई भी कारण ऐसा नहीं है जिसे पूरी तरह अप्रत्याशित माना जा सके। जून महीने से ही अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत देखे जाने लगे थे।

जाहिर है, आर्थिक गतिविधियां तेज होने के साथ-साथ बिजली की मांग में बढ़ोतरी होना कोई ऐसी बात नहीं है जिसके बारे में पहले से अंदाजा न हो। मॉनसून आने के बाद बारिश से पैदा होने वाले व्यवधान भी हर साल की बात हैं। जाहिर है, इससे बचाव के इंतजाम पहले से होने चाहिए थे। केंद्र सरकार का कहना है कि चार-पांच दिन के अंदर स्थिति ठीक कर ली जाएगी। उम्मीद की जाए कि ऐसा ही होगा और देश को ऊर्जा संकट जैसी किसी स्थिति से नहीं गुजरना पड़ेगा। लेकिन उस हालत में भी यह जरूर सुनिश्चित किया जाए कि ईंधन और ऊर्जा सप्लाई जैसे मामलों में हमारी प्लानिंग फूलप्रूफ रहे।

# रामलीलाः घटता आकर्षण

**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष दशहरे से काफी समय पहले ही देशभर में रामलीला के आयोजन की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। रावण, कुम्भकर्ण व मेघनाद के 90-100 फुट तक ऊंचे पुतले तैयार होने लगते हैं। रामलीला के आयोजन की शुरूआत कब हुई थी, दावे के साथ यह कह पाना तो मुश्किल है क्योंकि इस बारे में अलग-अलग मान्यताएं प्रचलित हैं किन्तु रामलीला के आयोजन का उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट रहा है, कथा मंचन के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना। इस उद्देश्य में रामलीला काफी हद तक सफल भी रही है। भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाई जाती रही रामलीला ने भारतीय संस्कृति एवं कला को जीवित रखने में अहम भूमिका निभाई है। श्रीराम के आदर्श, अनुकरणीय एवं आज्ञापालक चरित्र तथा सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, जटायु, विभीषण, शबरी इत्यादि रामलीला के विभिन्न पात्रों द्वारा जिस प्रकार अपार निष्ठा, भक्ति, प्रेम, त्याग एवं समर्पण के भावों को रामलीला के दौरान प्रकट किया जाता है, वह अपने आप में अनुपम है। नई पीढ़ी को धर्म एवं आदर्शों की प्रेरणा देने के साथ-साथ उसमें जागरुकता का संचार करने के लिए भी पर्याप्त है। यह आयोजन कला को भी एक नया आयाम प्रदान करते हैं। रामलीला की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि इनके मंचन में हिन्दुओं के साथ-साथ अन्य धर्मों के लोगों का भी विशेष सहयोग मिलता रहा है और रामलीला देखने के लिए भी सभी धर्मों के लोग आते हैं। रामलीला में हमें भक्ति, श्रद्धा, आस्था, निष्ठा, कला, संस्कृति एवं अभिनय का अद्भुत सम्मिश्रण देखने को मिलता है।

बहरहाल, ज्यों-ज्यों भारतीय संस्कृति पर आधुनिकता का रंग चढ़ने लगा है, रामलीला भी आधुनिकता की चकाचौंध से दूर नहीं रह पाई है। रामलीला के नाम पर जिस तरह के आयोजन आजकल होने लगे हैं, उन्हें देखकर लगता है कि आधुनिकता की चपेट में आई इस प्राचीन परम्परा का मूल स्वरूप और धार्मिक अर्थ धीरे-धीरे गौण हो रहा है। एक-एक रामलीला के आयोजन में पंडाल और मंच की साज-सज्जा पर ही लाखों-करोड़ों रुपये खर्च होने लगे हैं। पंडालों की आकृतियां लाल किला, इंडिया गेट, ताजमहल जैसी भव्य ऐतिहासिक इमारतों के रूप में बनाई जाने लगी हैं। आधुनिक सूचना तकनीक ने रामलीला में गहरी पैठ बना ली है। संवाद बोलने के लिए मंच पर लंबे-चौड़े माइकों की जरूरत नहीं पड़ती बल्कि कलाकारों के गले में छोटे-छोटे माइक्रोफोन लटके रहते हैं। इतना ही नहीं, कुछ रामलीला कमेटियां तो पंडालों में लंबी-चौड़ी वीडियो स्क्रीन लगाकर स्पेशल इफैक्ट्स दिखाने का बंदोबस्त भी करने लगी हैं। पंडालों के भीतर हर तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाने के इंतजाम भी किए जाते हैं।

बात अगर यहीं तक सीमित होती तो इसमें कोई बुराई नहीं थी क्योंकि समय के बदलाव के साथ-साथ यदि रामलीलाओं के आयोजन में भी आधुनिक सूचना तकनीक का इस्तेमाल किया जाए तो इसे गलत नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन जिस तरह से रामलीला कमेटियों द्वारा आजकल अपने-अपने आयोजनों में ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाने के लिए नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं और उनमें होड़ लगी रहती है कि किसके मंच पर ज्यादा चमक-दमक हो, किसका रावण सबसे बड़ा हो, कौन कितने बड़े-बड़े राजनेताओं को अपने आयोजन में बुलाने में सफल होता है, इससे रामलीलाओं के मंचन का जो मूल उद्देश्य था, वह गौण होने लगा है। जाहिर है कि बहुत से आयोजकों द्वारा रामलीला के आयोजन को पूर्ण रूप से व्यावसायिक बना दिया गया है और इन आयोजनों के जरिये उनका उद्देश्य राजनेताओं के साथ अपने सम्पर्क दायरे का विस्तार करना, अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ाना और आर्थिक लाभ कमाना ही हो गया है।

रामलीला के दौरान लोगों को आकर्षित करने और उनका मनोरंजन करने के लिए जादू शो, चैरिटी शो, लक्की ड्रा तथा आकर्षक झांकियों के प्रयोग तक तो बात समझ में आती है लेकिन अगर ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में दर्शकों की ज्यादा से ज्यादा भीड़ एकत्रित कर ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने के नाम पर महंगी नृत्य पार्टियों और रास मंडलियों को बुलाकर रामलीला के दौरान उनके कार्यक्रम स्टेज पर आयोजित किए जाने लगें तो इसे क्या कहा जाएगा ? रामलीला के दौरान अब फिल्मी गीत-संगीत पर नाच-गाना एक आम बात हो गई है। हद तो यह है कि कुछ आयोजक रामलीला मंचन के दौरान कैबरे नृत्यों का भी सहारा लेने लगे हैं। ऐसे आयोजनों के प्रति मनचले किस्म के युवा ही ज्यादा आकर्षित होते हैं और आयोजक रामलीला के नाम पर इस तरह के भौंडे आयोजन कर खूब चांदी कूट रहे हैं। हालत यह हो गई है कि फिल्मों व टीवी धारावाहिकों की ही तर्ज पर रामलीला भी अब प्रायोजित की जाने लगी हैं। जाहिर है, ऐसे में मंच पर वही होगा, जो प्रायोजक चाहेंगे। मंच से रामलीला के कलाकारों द्वारा प्रायोजकों व आयोजकों का महिमामंडन भी परम्परा बनती जा रही है।कुछ वर्ष पहले तक रामलीला कमेटियों का प्रमुख उद्देश्य श्रेष्ठ कलाकारों के जरिये रामकथा की जीवंत प्रस्तुति कराना होता था और इसके लिए बाकायदा अयोध्या, फैजाबाद, लखनऊ इत्यादि विभिन्न स्थानों से अच्छे-अच्छे कलाकार बुलाए जाते थे लेकिन चूंकि आयोजक इन कलाकारों को पूरा पारिश्रमिक देने में अक्सर आनाकानी करते हैं, इसलिए ये कलाकार भी अब अपनी कला के प्रति इतने निष्ठावान नहीं रहे। एक जमाना था, जब रामलीला में कोई भी किरदार जीवंत करने वाला कलाकार पूर्ण श्रद्धा, भक्ति एवं निष्ठा के साथ उस किरदार में पूरी तरह डूब जाता था। काशी की चित्रकूट रामलीला का ऐसा ही एक बहुत पुराना किस्सा प्रचलित है। बताया जाता है कि 1868 में मंचित की जा रही उस रामलीला में पं. गंगाधर भट्ट नामक एक कलाकार हनुमान का किरदार निभा रहा था। उस समय दर्शकों में एक अंग्रेज पादरी मैकफर्सन भी शामिल था। सीता की खोज के लिए हनुमान द्वारा समुद्र लांघने का दृश्य चल रहा था, तभी मैकफर्सन ने व्यंग्य कसा कि अगर रामायण में हनुमान 400 कोस का समुद्र लांघ गए थे तो रामलीला का यह हनुमान क्या वरुणा नदी के इस 27 हाथ चौड़े पाट को भी नहीं लांघ सकता ? गंगाधर भट्ट से यह सब सुनकर रहा न गया। उसने अचानक मन में कुछ निश्चय कर 'जय श्रीराम' का उद्घोष करते हुए छलांग लगा दी और 27 हाथ चौड़े पाट को लांघने में तो सफल हुआ किन्तु चोट इतनी लगी कि उसे बचाया नहीं जा सका। बताते हैं कि उस घटना के बाद मैकफर्सन उसकी निष्ठा और भक्ति के आगे नतमस्तक हो गया था।हालांकि रामलीला के अधिकांश आयोजकों का मानना है कि चूंकि आज मनोरंजन के बहुत सारे साधन हो गए हैं, इसलिए जब तक रामलीला के आयोजन एवं मंचन में कुछ खास और अलग अंदाज न हो, तब तक रामलीला दर्शकों को अपनी ओर खींचने में सफल नहीं हो सकती। माना कि यह बात कुछ हद तक सही भी है और रामलीला मंचन में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल को भी उचित माना जा सकता है किन्तु इस तरह की दलीलों से लोगों की श्रद्धा एवं भक्ति से जुड़े इस तरह के आयोजनों में भौंडेपन के समावेश को हरगिज उचित नहीं ठहराया जा सकता। आज समाज में जिस तरह का माहौल बन रहा है, उसके मद्देनजर जरूरत इस बात की महसूस की जा रही है कि आयोजक समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को पहचानें और रामलीला के जरिये इसकी मूल शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहभागी बनें।

# बरकरार है डाक विभाग की प्रासंगिकता

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

1874 में बर्न में यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) की स्थापना की वर्षगांठ के रूप में प्रतिवर्ष 9 अक्तूबर को विश्व डाक दिवस मनाया जाता है और इसी के साथ हर साल भारतीय डाक विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय डाक सप्ताह' की शुरुआत होती है, जो 9 से 15 अक्तूबर तक मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों और व्यवसायों के रोजमर्रा के जीवन में डाक क्षेत्र की भूमिका और देशों के सामाजिक व आर्थिक विकास में इसके योगदान के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अंतर्गत डाक विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर जनता और मीडिया के बीच अपनी भूमिका और गतिविधियों के बारे में व्यापक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कार्यक्रम व गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रीय डाक सप्ताह समारोह के कार्यक्रमों के अंतर्गत 9, 10 तथा 12 अक्तूबर को क्रमशः विश्व डाक दिवस, बैंकिंग दिवस तथा पीएलआई दिवस मनाया गया और 13, 14 तथा 15 अक्तूबर को क्रमशः डाक टिकट संग्रह दिवस, व्यवसाय विकास दिवस तथा डाक दिवस के रूप में मनाया जाएगा। राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अवसर पर डाक विभाग द्वारा अब डाकघरों की नई सेवाओं और नागरिक केन्द्रित सेवाओं (पीओपीएसके, आधार नामांकन और अपडेशन सुविधा, सीएससी सुविधाएं इंडिया पोस्ट पीआरएस सेंटर, गंगाजल की उपलब्धता इत्यादि) की उपलब्धता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ऑनलाइन जागरूकता अभियान का भी आयोजन किया जाता है।

राष्ट्रीय डाक सप्ताह के दौरान विश्व डाक दिवस के अवसर पर डाकघर परिसरों में पोस्ट फोरम की बैठक का आयोजन, सॉफ्ट स्किल्स, पब्लिक इंटरैक्शन, सामान्य शिष्टाचार पर स्टाफ के लिए कार्यशालाएं इत्यादि का आयोजन होता है जबकि बैंकिंग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पीओएसबी अथवा आईपीपीबी खाते खोले जाने, आम जनता को विभाग के बचत बैंक उत्पादों तथा अन्य नई सुविधाओं के बारे में जागरूक करने के लिए बचत बैंक शिविरों या मेलों का आयोजन किया जाता है। डाक जीवन बीमा दिवस मनाने का उद्देश्य पीएलआई क्लेम सेटलमेंट को प्राथमिकता देते हुए पीएलआई दिवस तक लंबित दावों के निपटारों को न्यूनतम करना है।

डाक टिकट संग्रह दिवस के अवसर पर डाक टिकट संग्रह विभाग राष्ट्रीय डाक सप्ताह के दौरान सभी दिन राष्ट्रीय डाक टिकट संग्रहालय में कार्यक्रम आयोजित करता है। विभाग डाक टिकट संग्रह संबंधी उत्पाद (टिकट विषयों के आधार पर टाई, स्कार्फ, बैग, मग आदि) शुरू करने पर भी विचार कर रहा है। व्यवसाय विकास दिवस के अवसर पर सभी डाक सर्किल वर्तमान और संभावित व्यावसायिक ग्राहकों के साथ बातचीत करने पर जोर देते हैं। डाक दिवस के अवसर पर इस बार कोरोना की स्थिति को ध्यान में रखते हुए डाकियों की भूमिका पर प्रकाश डाला जाएगा और पीएमए का शत-प्रतिशत उपयोग करने का प्रयास किया जाएगा ताकि डाक सामग्री डिलीवरी की जानकारी उपलब्ध हो और ग्राहक को शिकायत करने का कोई अवसर न हो।भारतीय डाक विभाग में डाकघरों को चार श्रेणियों में बांटा गया है, प्रधान डाकघर, उप-डाकघर, अतिरिक्त विभागीय उप-डाकघर तथा अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर। निर्धारित जनसंख्या, दूरी एवं आय से संबंधित मानकों के अनुरूप ही किसी क्षेत्र में डाकघर खोला जाता है। भारतीय डाक विभाग द्वारा देशभर में पिन कोड नम्बर (पोस्टल इंडेक्स नम्बर) के आधार पर ही डाक वितरण का कार्य किया जाता है। पिन कोड नम्बर की व्यवस्था की शुरूआत 15 अगस्त 1972 को की गई थी, जिसके तहत विभाग द्वारा देश को नौ भौगोलिक क्षेत्रों में बांटा गया। 1 से 8 तक की संख्या भौगोलिक क्षेत्र हैं जबकि संख्या 9 सेना डाक सेवा के लिए आवंटित की गई। छह अंकों वाले पिन कोड में पहला अंक क्षेत्र, दूसरा उपक्षेत्र, तीसरा जिले को प्रदर्शित करता है तथा आखिर के तीन अंक उस जिले के विशिष्ट डाकघर को दर्शाते हैं।दुनिया में सर्वाधिक ऊंचाई पर बना डाकघर भारत में ही स्थित है, जो हिमाचल प्रदेश के हिक्किम में है। देश में आजादी के समय कुल 23344 डाकघर अस्तित्व में थे, जिनमें 19184 ग्रामीण क्षेत्रों में तथा 4160 शहरी क्षेत्रों में थे। इनकी संख्या बढ़कर अब डेढ़ लाख से भी अधिक हो चुकी है। करीब 90 फीसदी डाकघर ग्रामीण अंचलों में कार्यरत हैं और देशभर में डाकघरों में लगभग साढ़े चार लाख कर्मचारी कार्यरत हैं। इस प्रकार आजादी के बाद भारत डाक विभाग के नेटवर्क में सात गुना से भी अधिक वृद्धि के साथ यह विश्व का सबसे बड़ा पोस्टल नेटवर्क बन चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में डाकघर स्थापित करने पर सरकार द्वारा काफी सब्सिडी दी जाती है, जो पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों व रेगिस्तानी इलाकों में 85 फीसदी तक होती है जबकि सामान्य ग्रामीण इलाकों में 68 फीसदी तक होती है। देश में प्रत्येक डाकघर औसतन 21.23 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में 8086 लोगों की जनसंख्या को अपनी सेवाएं प्रदान करता है।

15 अगस्त 1947 को देश आजाद होने के बाद स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार नवम्बर 1947 में एक डाक टिकट व दिसम्बर 1947 में दो डाक टिकट छापे गए, जिनमें से एक पर अशोक स्तंभ, दूसरे पर राष्ट्रीय ध्वज और तीसरे पर हवाई जहाज का चित्र छापा गया था। उसके बाद से अब तक विभिन्न अवसरों पर भारत की संस्कृति और गौरव के विभिन्न आयामों को दर्शाते सैंकड़ों डाक टिकट जारी हो चुके हैं और स्वतंत्र भारत में जारी हुए डाक टिकटों की एक गौरवशाली श्रृंखला तैयार हो चुकी है। देश में अभीतक का सबसे बड़ा डाक टिकट पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर 20 अगस्त 1991 को जारी किया गया था। भारत में मनीऑर्डर प्रणाली की शुरुआत 1880 में ही हो गई थी जबकि त्वरित डाक सेवा प्रदान करने के लिए स्पीड पोस्ट की शुरूआत 1986 में की गई थी।

देश-विदेश तक सूचनाएं पहुंचाने का सर्वाधिक विश्वसनीय, सस्ता और सुगम साधन रहा भारतीय डाक विभाग पिछले कुछ वर्षों में सूचना तकनीक के नए माध्यमों के प्रसार तथा डाक वितरण क्षेत्र में निजी कम्पनियों के बढ़ते प्रभुत्व के कारण भले ही पिछड़ता नजर आया है लेकिन समय के बदलाव को भांपते हुए डाक विभाग ने मौजूदा सेवाओं में अपेक्षित सुधार करते हुए स्वयं को कुछ नई तकनीकी सेवाओं से जोड़ते हुए डाक, पार्सल, पत्रों इत्यादि को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक्सप्रेस सेवाएं शुरू की गयी हैं।

करीब तीन दशक पहले नई तकनीक आधारित सेवाओं की शुरूआत करने के बाद से इन सेवाओं का निरन्तर तकनीकी विकास किया गया। बढ़ती चुनौतियों के मद्देनजर डाकघरों को भी ग्राहकों को बैंकों जैसी बेहतर सुविधाएं देने के लिए 1 सितम्बर 2018 से 'इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक' (आईपीपीबी) के रूप में स्थापित किया जा चुका है, जिसके जरिये अब बैंकों के साथ-साथ डाकघर भी लोगों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। डाकघरों में अब बुनियादी डाक सेवाओं के अलावा बैंकिंग, वित्तीय तथा बीमा सेवाएं भी ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि डाक व्यवस्था पर डाक विभाग का एकाधिकार भले ही खत्म हो गया है लेकिन इसकी प्रासंगिकता बनी हुई है।

# किसान आन्दोलन को मजाक क्यों समझ रही है सत्ता ?

**राजीव चौधरी**

जब-जब मैं लोकतंत्र की परिभाषा पढता हूँ कि जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता का शासन ही लोकतंत्र है तब-तब मन में अजीब हास्य पैदा होता है। क्या अब ये सिर्फ जुमला बनकर रह गया! क्योंकि इसमें कहीं भी ना तो जनता है, ना जनता के लिए है और ना ही जनता का शासन है। जबकि किसी भी राष्ट्र की मजबूत अवधारणा में किसी भी बदलाव के लिए जनता की अवधारणा महत्वपूर्ण है। पिछले करीब ग्यारह महीने बीत गये देश का किसान विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के सामने अपनी मांग लिए बैठा है। लेकिन इसे ना केवल अनसुना किया गया बल्कि अपनी मांग रख रहे किसानों को समय-समय पर देशद्रोही, आतंकी, मवाली और भेड़िया जैसे शब्दों से भी नवाजा गया। जब यहाँ तक भी बात नहीं बनी, तो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और उसकी राजधानी मैं बैठे गृहराज्य मंत्री का पुत्र अपनी गाडी से किसानों को कुचल देता है। क्योंकि वो जानता है कि जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता का शासन नहीं है। बल्कि कुछ उधोगपति कुछ मीडिया संस्थान और कुछ सरकारी जाँच एजेंसियों का शासन है तो कोई उसका कुछ नहीं बिगाड़ पायेगा। इसके अलावा सरकार के कुछ प्रवक्ता सत्ता में है तो कुछ प्रवक्ता मीडिया में शामिल है। हर रोज कहा जा रहा है कि दिल्ली के चारों तरफ धरने पर बैठे लोग किसान नहीं है। चलो एक पल को इनकी बात मान भी ले। तो क्या ये बता सकते है कि संसद के अन्दर कितने किसान मौजूद है? जब तीन कृषि कानून लाये गये उसे उच्च और निचले सदन में पारित किया गया तब उसमें कितने किसान उपस्थित थे? एक साल बीतने को है कहा जा रहा कि ये दूसरे राजनितिक दलों के किसान है! यानि असली सवालों को नकली जवाबों से ढकने की कोशिश जारी है। क्योंकि असली सवालों के जवाब सत्ता के पास नहीं है। क्या सत्ता में बैठे लोग बता सकते है कि प्रधानमंत्री कौन से किसानों को किसान मानेंगे? अपनी पार्टी से जुड़े लोगों को किसान मानते है या फिर समस्त देश के किसानों को? क्या वो देश के प्रधानमंत्री है या सिर्फ अपने राजनितिक दल के समर्थकों के? क्या अब हमारे देश में संवेदना व्यक्त करने और संवेदनशील होने के मापदंड निर्धारित हो गए कि बस उन्हीं घटनाओं पर संवेदनशील होना चाहिए जिन पर सरकार और कुछ सोशल मीडिया, मीडिया के कथित राष्ट्रवादी संवेदना व्यक्त करें? मार्च 2018 सिर पर सपनों की गठरी रखकर नंगे पांव हज़ारों किसान और आदिवासी नासिक से 180 किलोमीटर का पैदल मार्च करते हुए मुंबई के आज़ाद मैदान में पहुंचे तो उन्हें वामपंथी कहा गया। तब राज्य की तत्कालीन बीजेपी सरकार कह रही थी कि आज़ाद मैदान में आए किसानों की संख्या 10 हज़ार थी। विपक्ष कह रहा था कि नहीं ये संख्या 30 हज़ार थी। काश सरकार और विपक्ष दोनों ही इनकी संख्या के बजाय इनकी समस्या गिन लेते तो उन्हें 180 किलोमीटर यात्रा कर अपने दिल के घाव पैरों से न घिसने पड़ते। इसी दौरान ऐसे ही अनगिनत संख्या में किसान, अनेक संगठनों के लोग किसान मुक्ति मार्च में शामिल होकर देश के राजा के सामने राजधानी दिल्ली में जुट रहे। हजारों की भीड़ थी लेकिन उन्हें भी विपक्षी पार्टी का किसान कहकर नकार दिया गया। इसके बाद तमिलनाडु से आये किसान अपने मृतकों के शव की खोपड़ी लेकर देश की राजधानी में प्रदर्शन करते रहे यहाँ तक कि अपना पेशाब तक पिया। लेकिन किसी ने उनकी आवाज नहीं सुनी. किन्तु जब मैंने उनके पैरों के घाव देखे तो कलेजा उछल गया, गुनाह शब्द की नैतिक परिभाषा मेरे गले में अटक गयी। पहली बार भूख को, बेबसी को, उस गरीबी को निकटता से देखा, जो 2014 में तालाब से पानी भरती हुई कह रही थी, ङ्कमोदी जी आने वाले हैं।ङ्क

लेकिन आज हम बेबस है ऐसे सवाल खड़े नहीं कर सकते, क्योंकि यदि कोई सवाल खड़ा करेगा उसे लानत-मलानत झेलनी पड़ेगी, उसे स्वर्ग-नर्क के पाठ पढ़ाए जाएंगे। उसे बताया जाएगा कि ये देश को तोड़ने वाली ताकतें हैं, ये सरकार के खिलाफ साजिश है। वरना किसान तो यहां बहुत खुश है, यकीन न हो तो कृषि मंत्रालय की वेबसाइट पर लगे किसानों के फोटो देख लो। सिर्फ इतना ही नहीं बीते सालों के मंदसौर, महाराष्ट्र, उत्तर-प्रदेश, पंजाब में हुए किसान आन्दोलनों को देख लीजिये कि आखिर किसानों को क्या मिला? शांत रहे तो आश्वासन, हिंसक हुए तो गोली या लाठी? जून 2017 मध्यप्रदेश के मंदसौर में किसानों के आंदोलन के उग्र होने के बाद पुलिस फायरिंग में पांच किसानों समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। इसे मीडिया से लेकर उत्साहित सोशल मीडिया ने विपक्ष की साजिश बताकर लगभग नकार दिया। इसके बाद 2015 में कृषि मंत्री राधा मोहन सिंह ने प्रेम प्रसंग, और नपुंसकता जैसे कारणों को किसानों की लगातार हो रही आत्महत्याओं की प्रमुख वजह बताया था। पिछले दिनों हरियाणा के करनाल जिले से सबने देखा कि कैसे एक बड़ा सरकारी अधिकारी सीधा किसानों के सिर फोड़ने की बात कर रहा था। हद तो तब हो गयी कि हरियाणा राज्य का मुख्यमंत्री अपने समर्थकों से डंडे लेकर किसानों पर हमला करने के लिए उकसाते दिखे। ये उस देश की बात है, जो खुद को कृषि प्रधान और विश्व का बड़ा लोकतंत्र कहता है। क्या हम इसे लोकतंत्र कह सकते है! कल शायद यही वजह रही होगी कि अमेरिकी टेनिस की पूर्व दिग्गज खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा अपने एक ट्वीट में भारत को लोकतंत्र और मोदी को लोकतान्त्रिक नेता बताने पर मजाक बता रही थी। लेकिन इसके उलट आज सत्ता में बैठे लोग और उनके समर्थक जिस तरीके इस आन्दोलन को मजाक में ले रहे है। शायद उन्होंने इतिहास नहीं पढ़ा। वो नहीं जानते कि एक समय रूस का सम्राट जार निकोलस भी रूस के किसान आन्दोलन को मजाक समझता था। यहाँ तक कि सत्ता के घमंड में उनके ऊपर गोली बरसाई उन्हें जिन्दा आग में झोक दिया। लेकिन किसान डटा रहा और 1917 आते-आते निरंकुश, एकतन्त्री शासन का अंत किया। बल्कि जमींदारों, सामंतों, पूंजीपतियों आदि की आर्थिक और सामाजिक सत्ता को समाप्त करते हुए विश्व में मजदूर और किसानों की प्रथम सत्ता स्थापित की। ऐसा दूसरा उदहारण सन 54 ईस्वी में नीरो का है जो एक ऐसे साम्राज्य का बादशाह था जिसकी सीमाएं स्पेन से लेकर उत्तर में ब्रिटेन और पूर्व में सीरिया तक फैली हुई थी। लेकिन जनता की अनदेखी भय भूख से त्रस्त जनता ने रोम को आग के हवाले कर दिया और सन 64 ईस्वी आते आते रोम जलकर राख हो गया। अगर ये पुराना उदहारण लगे तो फ्रांस क्रांति तो सुनी होगी। सम्राट लुई भी राज्य में किसानों की दुर्दशा से मुंह छिपाए बैठा रहा। लेकिन किसान उग्र थे डटे रहे अंत में अव्यवस्थित निरंकुश तथा संवेदनहीन शासन तंत्र का अस्तित्व जनता के लिए इतना कष्टदायी बन गया कि फ्रांस में क्रांति हुई और लोकतंत्र की स्थापना हुई। इसलिए समय रहते समझना होगा कि गरीबी का पेट रंगीन राष्ट्रवाद से नहीं भरा जा सकता, न राष्ट्रगीतों के गुनगुनाने से भूख मिटती। भय, भूख और तानाशाही हमेशा क्रांति को जन्म देती आई है और आगे भी देती रहेगी। इसलिए समय रहते राजा नहीं जनप्रतिनिधि बन जाइये या फिर देश के आगे से लोकतान्त्रिक शब्द हटा दीजिये।

# सिर्फ राम, कृष्ण ही क्यों ? किसी भी राष्ट्रपुरुष या महापुरुष का अपमान नहीं होना चाहिए

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

किसी भी महापुरुष का अपमान नहीं किया जाना चाहिए और यदि उनके विरुद्ध कोई अश्लील टिप्पणी करे और जिससे दंगे भी भड़क सकते हों तो उस पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन यह बात सिर्फ राम और कृष्ण के बारे में ही लागू क्यों हो? इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश शेखर कुमार यादव ने आकाश जाटव नामक व्यक्ति को जमानत पर रिहा करते हुए कहा कि राम और कृष्ण के विरुद्ध अपमानजनक टिप्पणी करने वालों के विरुद्ध सख्त सजा का प्रावधान होना चाहिए। ये दोनों महापुरुष भारत के राष्ट्रपुरुष हैं।

संविधान में संशोधन करके ऐसा प्रावधान किया जाना चाहिए। जज यादव ने बयान में यह ढील जरूर दी है कि कोई नास्तिक भी हो सकता है (या विधर्मी भी हो सकता है या वह राम और कृष्ण को चाहे भगवान नहीं माने) लेकिन उसे अधिकार नहीं है कि वह उनका अपमान करे।सैद्धांतिक दृष्टि से जस्टिस यादव की बात ठीक है कि किसी भी महापुरुष का अपमान नहीं किया जाना चाहिए और यदि उनके विरुद्ध कोई अश्लील टिप्पणी करे और जिससे दंगे भी भड़क सकते हों तो उस पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए लेकिन यह बात सिर्फ राम और कृष्ण के बारे में ही लागू क्यों हो? महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध के बारे में भी क्यों नहीं और यदि उनके बारे में हो तो यह मांग भी उठेगी कि ईसा



मसीह, पैगंबर मुहम्मद और गुरु नानक के बारे में भी क्यों नहीं? इस तरह की मांग द्रौपदी के चीर की तरह लंबी होती चली जाएगी और उसमें आसाराम और राम रहीम जैसे लोग भी जुड़ जाएंगे। मैं समझता हूं कि किसी भी महापुरुष या तथाकथित भगवान या नेता या विद्वान की आलोचना करने का अधिकार सदा सुरक्षित रहना चाहिए। लोग तो विपदा पड़ने पर सीधे भगवान को भी कोसने लगते हैं। यदि इस अधिकार से लोग वंचित होते तो आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती शायद एक शब्द भी न लिख पाते और न बोल पाते। उन्होंने कुरान, बाइबिल और गुरु ग्रंथ साहब की खरी-खरी आलोचना की तो अपने अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश में हिंदू धर्म के नाम से प्रचलित सभी संप्रदायों के भी परखच्चे उड़ा दिए। महात्मा गांधी जैसा व्यक्ति आज की दुनिया में कहीं ढूंढने से भी नहीं मिल सकता लेकिन उनके विरुद्ध गुजराती, मराठी, हिंदी और अंग्रेजी में कई ऐसे ग्रंथ और लेख लिखे गए हैं, जो बिल्कुल कूड़े की टोकरी के लायक हैं लेकिन उनके लेखकों को सजा देने की बात बिल्कुल नाजायज़ है। यदि आलोचकों को सजा का संवैधानिक प्रावधान होता है तो हम भारत को क्या पाकिस्तान नहीं बना देंगे ? पाकिस्तान में कितने ही लोगों को ईश-निंदा के अपराध में मौत के घाट उतार दिया गया है। भारत में तो नास्तिकों और चार्वाकों की अद्भुत परंपरा रही है। उन्होंने ईश्वर के अस्तित्व को ही नकार दिया है। ऐसे सर्वसमावेशी राष्ट्र को कठमुल्ला देश नहीं बनाना है।

## सनराइजर्स हैदराबाद से बाहर होने पर डेविड वॉर्नर का छलका दर्द, बोले- किसी ने नहीं बताया मुझसे कप्तानी क्यों छीनी गई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल की पूर्व चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने हाल में टीम से अलग होने का ऐलान किया था। वॉर्नर आईपीएल 2021 की शुरुआत में टीम के कप्तान थे, लेकिन इसके बाद खराब फॉर्म के चलते उनसे कप्तानी छीन ली गई थी। उनकी जगह न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन को टीम का नया कप्तान बनाया गया था।

इसके बाद आईपीएल 2021 के यूएई फेज में कुछ मैचों के बाद उन्हें टीम से भी बाहर कर दिया गया था। हैदराबाद से बाहर होने के बाद एक बार फिर से वॉर्नर ने अपना दर्द बयां किया है। वॉर्नर ने कहा है कि किसी ने उन्हें यह तक नहीं बताया कि क्यों उनसे कप्तानी छीनी गई। उन्होंने कहा कि टीम मालिकों के साथ-साथ स्पोर्ट स्टाफ के लिए भी उनके मन में काफी सम्मान है। ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ने हालांकि साथ ही कहा कि जब भी कोई निणन्य लिया जाता है, तो इसे सर्वसम्मति से लिया जाना चाहिए।वॉर्नर ने स्पोर्ट्स टूडे से कहा, ' टीम मालिकों के लिए अत्यंत सम्मान के साथ, ट्रेवर बेलिस, लक्ष्मण, टॉम मूडी और मुरलीधरण, जब कोई निणन्य लेते हैं तो उसे एकमत होना चाहिए। आप नहीं जानते कि कौन व्यक्ति आपके खिलाफ जा रहा है और कौन नहीं। मेरे लिए दूसरी निराशाजनक बात यह है कि मुझे यह तक नहीं बताया गया कि मुझे कप्तानी से क्यों हटाया गया। अगर आप फॉर्म की तर्ज पर जाना चाहते हैं, तो यह मुश्किल है क्योंकि मुझे लगता है कि आपने अतीत में जो कुछ भी किया है, उसका कुछ लाभ आगे मिलेगा।' सलामी बल्लेबाज वार्नर ने यह भी कहा कि उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 100 से अधिक आईपीएल मैच खेले हैं और आईपीएल 2021 में चेनन्ई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में केवल चार खराब मैचों अनुभव किया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से उनके साथ व्यवहार किया गया वह उनके लिए इसे पचाना मुश्किल है। वार्नर ने साथ ही यह भी कहा कि हैदराबाद उनका दूसरा घर है और वह एक बार फिर सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से आगे भी खेलना पसंद करेंगे।

## ब्रायन लारा ने कहा- आईपीएल-2022 ऑक्शन में आरसीबी 3 खिलड़ियों को रिटेन करे और दक्षिण अफ्रीका के विस्फटोक बल्लेबाज को बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का सफर सोमवार को उस समय समाप्त हो गया जब टीम को शारजाह में एलिमिनेटर मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों चार विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अपनी कड़ी मेहनत के दम पर बैंगलोर की टीम 2020 और 2021 में लगातार दूसरी बार प्लेऑफ़ में पहुंची थी। आईपीएल 2021 में सफर समाप्त होने के बाद अब सबकी निगाहें दिसंबर पर टिकी हैं, जहां अगले सीजन के लिए मेगा ऑक्शन होने वाली है। ऑक्शन में अधिकांश बड़े खिलाड़ी उपलब्ध होंगे, जिसमें फ्रेंचाइजी को आईपीएल 2022 के लिए केवल तीन खिलाड.ियों को रिटेन करने की अनुमति होगी।

इस बीच, वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान ब्रायन लारा ने बताया है कि आईपीएल 2022 ऑक्शन में बैंगलोर को किन तीन खिलाड.ियों को रिटेन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि टीम को दक्षिण अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज एबी डीविलियर्स को रिटेन नहीं करना चाहिए। लारा ने क्रिकेट डॉट कॉम से कहा, 'मेरे ख्?याल से आरसीबी को कुछ कड़े फैसले लेने होंगे। निश्चित ही मैक्?सवेल को आना करना चाहूंगा? आप ऐसे लोगों के लिए जाना चाहेंगे,? जिनमें महसूस हो कि जब आप उन्?हें बाजार में लगाए तो वापस पा सकते हैं। मैं अच्?छा नहीं है और दूसरी बात कि वह 38 साल के हो चुके हैं। डीविलियर्स ने आईपीएल 2021 में 15 मैचों में 313 रन बनाए हैं।



चाहिए और यह सुनना चाहिए कि उनके बारे में कोच क्?या बोल रहे हैं। उन्?होंने उम्?मीद पर खरा उतरते हुए प्रदर्शन किया है। विराट कोहली फ्रेंचाइजी के विजेता हैं। उन्?हें जरूर रिटेन किया जाएगा। अन्?य किन लोगों को मैं रिटेन दूसरे विकल्?प के लिए ग्?लेन मैक्?सवेल के साथ जाना चाहूंगा। हो सकता है कि तीसरे खिलाड़ी के लिए देवदत्?त पडिक्?कल का चयन करूं। यह पूछने पर कि एबी डीवि?लियर्स को रिटेन नहीं करेंगे, तो लारा ने कहा कि उनका फॉर्म लेकिन यूएई लेग में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। लारा ने कहा, 'आप एबी डीविलियर्स को रिटेन क्?यों करना चाहोगे जब वो रन नहीं बना रहा है और युवा भी नहीं बचे। यह टी20 क्रिकेट आसान नहीं है। यह दुनिया की बेस्ट लीग है।'

## आवेश खान ने आईपीएल में अबतक की अपनी सफलता का क्रेडिट इस खिलाड़ी को दिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज आवेश खान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 में कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं। वह टूर्नामेंट के 15 मैचों में अबतक 23 विकेट चटका चुके हैं और सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में वह रॉयल चैलेंजर्स के हर्षल पटेल के बाद दूसरे नंबर पर है। दिल्ली कैपिटल्स को अब आईपीएल 2021 के क्वालीफायर-2 में बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ना है और इस मैच को जीतने वाली टीम 15 अक्टूबर को चेनन्ई सुपरकिंग्स के साथ फाइनल खेलेगी। आवेश इस सीजन में चेनन्ई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को अबतक दो बार आउट कर चुके हैं और तेज गेंदबाज ने इसका श्रेय कप्तान ऋषभ पंत को दिया है। आवेश ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, ' यह मेरे लिए अच्छा है कि टीम मैनेजमेंट ने मुझ पर भरोसा किया है, खासकर ऋषभ पंत। वह हमेशा मुझसे कहते हैं कि क्या गेंदबाजी करनी है, क्या नहीं। मेरे अबतक के प्रदर्शन का सारा श्रेय उन्हीं को जाता है। हम अंडर-19 दिनों से एक साथ खेले हैं। वह मुझे विकेट के पीछे से संकेत देते हैं और मुझे पता है कि वह मुझे किस तरह की गेंद डालने को कह रहे है, तब मैं सिर्फ उसी तरह की गेंद डालने पर ध्यान केंद्रित करता हूं। आवेश को जल्द ही बेहतर प्रदर्शन करने का इनाम मिलेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लीग के 14वें सीजन के समापन के बाद आवेश को यूएई में ही रुकने के लिए कहा है। खबरों की मानें तो आवेश टी20 वर्ल्ड कप के लिए उमरान मलिक और हर्षल पटेल के बाद टीम इंडिया के तीसरे नेट गेंदबाज होंगे। बीसीसीआई के अनुसार, टी20 विश्व कप शुरू होने तक तेज गेंदबाज आवेश को स्टैंडबाई खिलाड.ियों की लिस्ट में जगह मिल सकती है। टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारतीय टीम 24 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले से अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

# श्रीलंका के पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज दोबारा टीम में वापसी करेंगे : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉन्ट्रैक्ट विवाद को लेकर नाराज रहने और जुलाई में भारत के खिलाफ लिमिटेड ओवरों की सीरीज से हटने वाले श्रीलंका के पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज फिर से नेशनल टीम के लिए वापसी कर सकते हैं। मैथ्यूज ने जुलाई में श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने की अपनी योजना के बारे में बता दिया था। इसके बाद उन्हें कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से हटा दिया गया था और उसके बाद से उन्होंने अबतक एक भी मैच नहीं खेले हैं। मैथ्यूज ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए भारत के खिलाफ लिमिटेड ओवरों की सीरीज से नाम वापस ले लिया था। उस समय रिपोर्ट्स आई थी कि मैथ्यूज क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं।



ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, मैथ्यूज ने दोबारा खुद को सिलेक्शन के लिए उपलब्ध बताया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भले ही अब तक श्रीलंका क्रिकेट या मैथ्यूज ने आधिकारिक तौर पर कोई बयान जारी नहीं किया है, लेकिन मैथ्यूज श्रीलंकाई बोर्ड को ईमेल भेज चुके हैं और बोर्ड अब जल्द ही इस पर कोई फैसला लेगा। मैथ्यूज के अलावा दिमुथ करुणारत्ने और दिनेश चंडीमल को भी श्रीलंका की व्हाइट बॉल टीम से बाहर कर दिया गया था। हालांकि अगस्त में श्रीलंका ने कॉन्ट्रैक्ट विवाद को सुलझा लिया था। मैथ्यूज ने श्रीलंका के लिए अबतक 218 वनडे में लगभग 42 की औसत से 5,835 रन बनाए हैं। उन्होंने साथ ही गेंदबाजी में भी 120 विकेट चटकाए हैं। ऑलराउंडर मैथ्यूज ने 90 टेस्ट में 45 की औसत से 6,236 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम 11 शतक और 36 अर्धशतक दर्ज हैं और साथ ही 33 विकेट लिए हैं। इसके अलावा मैथ्यूज ने 78 टी20 मैचों में 1148 रन बनाने के अलावा 38 विकेट भी लिए हैं।

## रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाड़ियों के सपोर्ट में आए दिनेश कार्तिक, ट्रोल करने वालों को जमकर लताड़ा

आईपीएल 2021 के एलिमिनेटर मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के हाथों मिली हार के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के ऑलराउंडर डेनियल क्रिस्टियन को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया गया। क्रिस्टियन का मैच में गेंद और बल्ले से प्रदर्शन बेहद खराब रहा। उन्होंने कोलकाता की पारी के दौरान अहम मौके पर जमकर रन लुटा दिए, जिससे टीम हार गई। हार के बाद उन्हें और उनकी प्रेग्नेंट पार्टनर को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया गया, जिसे लेकर कोलकाता नाइटराइडर्स के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक नाखुश है। कार्तिक ने कहा है कि जब लोग सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं, तो लोगों को इसकी गंभीरता का एहसास नहीं होता है।



कोलकाता ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें कार्तिक ने कहा, 'मुझे कभी-कभी लगता है कि सोशल मीडिया को एक दयालू जगह बनाने की जरूरत है। मुझे लगता है कि लोग जो कहते हैं उसकी गंभीरता का एहसास नहीं होता है, चाहे वह मीम्स हो, वीडियो हो या सिर्फ शब्दों का इस्तेमाल हो। यह उनके लिए क्षण भर की बात है, सहज रूप से वे जो महसूस करते हैं, उसे वहां पर डाल देते हैं। उन्हें नहीं पता होता कि जिसके लिए वे ऐसा कर रहे हैं, वह किस स्थिति से गुजरता है।' कार्तिक के अलावा उनकी टीम ने भी आरसीबी के खिलाड.ियों के सपोर्ट में ट्वीट करते हुए नफरत फ़ैलाने वालों को ऐसा नहीं करने की सलाह दी है। बैंगलोर की हार के बाद डैन क्रिस्टियन की पतनी जॉजिन्या डन को लोगों ने सोशल मीडिया पर निशाना बनाया था। इसके बाद क्रिस्टियन ने कहा, 'उन्होंने यहां अपना दुख जताते हुए लिखा, 'मेरी पार्टनर के इंस्टाग्राम पोस्ट के कमेंट सेक्शन में जाकर देखो।

## समीक्षा बैठकःशैक्षिक प्रक्रिया के सरलीकरण पर जोर



**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** विकास खंड ज्ञानपुर के न्याय पंचायत नथईपुर के शिक्षक संकुल की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन कंपोजिट विद्यालय बैरीपरवा में हुई, जिसमें एसआरजी रतन्ेश पांडेय ने डायरी और उपचारात्मक शिक्षण के बारे में विस्तार से चर्चा की।

कहा कि स्कूल में अभ्यास गतिविधियां एवं गणित उपचारात्मक प्रशिक्षण गणित किट का ज्ञान बच्चों को कराया जाए। इससे बच्चे तीव्र गति से सीखेंगे। सीखने में उन्हे किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं आएगी। इस बैठक में एआरपी योगेश मौर्य ने पढ़ाई के दौरान कोविड प्रोटोकाल का पालन करवाने पर मंथन किया। संदीप यादव ने मिशन प्रेरणा-एक पुनरवलोकन पर विस्तार से प्रकाश डाला। संकुल शिक्षक संतोष कुमार मिश्र द्वारा प्रेरणा लक्ष्य, प्रेरणा सूची, प्रेरणा तालिका डीबीटी की समीक्षा की। संकुल शिक्षक अरविंद पांडेय ने समृद्ध आधारित उपचारात्मक शिक्षण, राहुल मिश्र द्वारा उच्च प्राथमिक कक्षाओं में ध्यानाकर्षण आधारित उपचारात्मक शिक्षण, संकुल शिक्षक सुरेश मौर्य द्वारा उपचारात्मक शिक्षण के लिए शिक्षण योजना एवं शिक्षक डायरी पर चर्चा की। संतोष कुमार मिश्र ने प्रेरक विद्यालय बनाने में प्रधानाध्यापक की भूमिका संकुल शिक्षक दर्शन दो भारतीय द्वारा संकुलवार विद्यालयों की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में प्रधानाध्यापक पंचलाल, इंदेश्वर चतुर्वेदी, वीरेंद्र कुमार यादव, सुभाष चंद यादव, बोरिक लाल, कामिनी पांडेय, देवेंद्र कुमार, राजा दशरथ, रामाश्रय यादव, सावित्री देवी ने प्रतिभाग किया।

## चुनाव आयोग ने मतदेय स्थलों के सम्भाजन को किया अनुमोदित

भदोही। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जनपद में अवस्थित 392-भदोही, 393-ज्ञानपुर एवं 394-औराई (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के सम्भाजन को अनुमोदित कर दिया गया है। अन्तिम रूप से तैयार मतदेय स्थल सूची जनपद की वेबसाइट ींकवीपण्दपबण्पद के क्ष्व् ठींकवीप्ूमइचंहम में एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, समस्त तहसीलों में स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्रो में निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी।

# कृत्रिम सरोवरों में किया जाएगा मूर्ति विसर्जन : कमिश्नर

### मंडलायुक्त ने कहा-बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखे बिजली महकमा, डीआईजी आरके भारद्वाज ने भी मातहतों को समझाई जिम्मेदारी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** विजयदशमी, दुर्गापूजा, ईद-ए-मिलादुनन्बी, बारावफात का पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण संपादित कराने के लिए मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र और डीआईजी आरके भारद्वाज ने ब्लाक औराई के सभागार में बैठक की। बैठक में सभी पर्वों को कोविड गाइडलाइन के अनुसार मनाए जाने के लिए मातहतों को निर्देशित किया। कमिशन्र ने दुर्गापूजा समितियों से कहा कि शांतिपूर्वक व परंपरागत तरीके से सभी त्योहार मनाएं। प्रशासन की पूरी मदद रहेगी। कहा कि अधिकारी अपने दायित्वों के निर्वहन में ईमानदारी के साथ लगे हुए हैं। यदि मेला क्षेत्र में कमी अथवा किसी प्रकार की समस्या हो तो, समिति के पदाधिकारी अवगत कराएं। पूजा



समितियों से कहा कि उच्च न्याायालय द्वारा पारित आदेशों के क्रम में गृह विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में मूतिन्यों का विसर्जन नदी में न किया जाए, इसके लिए नदी के नजदीक बनाए गए सरोवर में विसर्जन किया जाए। उन्होंने बिजली विभाग को हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। जुलूस मार्ग पर पडने वाले अवरोधों को दूर करने, सडकों की रिपेयरिंग करने, साफ-सफाई, जलापूर्ति, रैन बसेरों एवं शौचालयों की व्यवस्था ठीक किए जाने के लिए भी निर्देशित किया। कहा कि सभी उप जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि दुर्गापूजा/मूर्ति विसर्जन के संबंध में प्रभारी निरीक्षक तथा विद्युत सुरक्षा निरीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि मूतिन्यों के पंडालों में विद्युत व्यवस्था सुरक्षित ढंग से की गई अथवा नहीं।

डीआईजी आरके भारद्वाज ने दुर्गापूजा के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने राजस्व विभागध्पुलिस विभाग के अधिकारियो को निर्देशित किया की जहां जहां पर दुर्गा पूजा किया जा रहा है उन स्थानों पर जाकर देख लें कि विसर्जन के समय किस रास्ते से जुलूस निकाला जाए। उन्होंने कहा कि हर छोटी से छोटी घटना बड़ा रूप ले लेता है। बैठक में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र, समस्त उप जिलाधिकारी, डीपीआरओ, डीआईओ मौजूद रहे।

# निरंतर चलाया जाए मतदाता जागरुकता अभियान : सीडीओ

### स्वीप कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाने, अभियान चलाने का निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने आज स्वीप कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की। विकास भवन में आयोजित बैठक में सीडीओ ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरुकता अभियान निरंतर चलाया जाएगा, जिससे आगामी एक जनवरी को 18 वर्ष अन्हता आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया जायगा। मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने कहा कि विशेषकर महिलाओं व दिव्यांगों को भी मतदाता बनने के लिए जागरुक किए जाने पर बल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरुकता के लिए स्वीप कोर कमेटी का गठन कर लिया गया है। जिसके माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान को गति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया, फेसबुक, ट्वीटर, व्हाट्सअप, प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया की भागीदारी मतदाता पुनरीक्षण एवं मतदान के प्रति जागरुकता लाए जाने में अहम भूमिका होगी।



इसलिए मीडिया की भागीदारी ली जाए और लोगों को मतदान के प्रति जागरुक किया जाए। सीडीओ ने अधिक से अधिक मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। इसके तहत स्वीप के कार्यशाला निर्धारित कलेन्डर के कार्यक्रम अनुसार आयोजित किए जाने को कहा। स्वीप के जो भी कार्यक्रम संचालित हों, वह जन-जन तक पहुंचे, ताकि मतदान के प्रति जागरुकता विकसित हो। विभिनन् स्तरों पर स्लोगन, निबंध, रंगोली एवं मैराथन दौड़ प्रतियोगिताएं कराई जाएं। इस मौके पर डीपीआरओ बालेश्वरधर द्विवेदी, समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक नंदलाल, जिला सूचना अधिकारी प्रवीण मालवीय, खंड शिक्षा अधिकारी फराह रईस एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## किमसंपा के किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बनाएं गए सुभाष

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** किसान मजदूर संघर्ष पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेंद्र कुमार वर्मा ने जिले के मोढ़ क्षेत्र के दारापट्टी गांव निवासी सुभाष चंद पाठक पुत्र स्व. विध्यवासिनी पाठक को पार्टी के किसान प्रकोष्ठ का भदोही जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने आशा जताई है कि किसान प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत होने के बाद सुभाष चंद पाठक अपने परिश्रम से पार्टी को अधिक मजबूती प्रदान करेंगे। उनको जिलाध्यक्ष बनाएं जाने के बाद बीके सिंह, अनिल पाठक, भोलानाथ पांडेय, नीरज राय, ताड़कनाथ मिश्र, पंचम यादव, कल्पनाथ यादव आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

## कुख्यात गांजा तस्कर की वैगन आर कार कुर्क

**ज्ञानपुर।** गांजा बेचकर अर्जित किए गए धन से खरीदी गई कार को आज पुलिस ने कुर्क कर लिया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के आदेश के बाद अमल में लाई गई। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। वह सक्रिय गैंग का सदस्य है। उसके द्वारा आपराधिक कृत्यों और गांजा तस्करी से खरीदी गई कार को कुर्क किया गया, जिसकी बाजारू कीमत साढ़े तीन लाख रुपये बताई जा रही है।पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में संगठित अपराध/ अपराधियों के विरुद्ध भदोही पुलिस-प्रशासन द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के क्रम में गैंगस्टर अपराधी व सक्रिय गैंग के सदस्य अशोक पटेल पुत्र स्व. मुननेलाल (निवासी ठेगीपुर, रतना महाराजगंज, थाना औराई) द्वारा अपराध व अवैध गांजा की तस्करी से अर्जित मारुति वैगन आर कार (यूपी66-वी-4286) को सुसंगत धाराओं में कुर्क किया गया है।

## लोहिया जी ने कहा था कि जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीः हसनैन


**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर चिंतक एवं समाजवादी आंदोलन के महानायक डा. राममनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर मंगलवार को समाजवादी पार्टी के कंसापुर गांव में स्थित जिला कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मो.हसनैन अंसारी ने कहा कि लोहिया जी एक ऐसे अलौकिक विभूति थे। जिनके स्मरण करने मात्र से अपने आप में समाजवाद समाहित हो जाता है। जिनके विचार आज भी प्रचलित है। लोहिया जी ने कहा था कि जो सरकार जनता को संतुष्ट न कर सके उस अयोग्य सरकार को सत्ता में रहने का कोई हक नहीं जनता को उसे हटा देना चाहिए। इसलिए उन्होंने कहा था जिंदा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करती। उन्होंने कहा कि वह स्वयं लगातार 16 वर्षों से शासन कर रही नेहरू सरकार के खिलाफ सर्वप्रथम अविश्वास प्रस्ताव लाए थे। उन्हें अक्सर समाजवादी कहा जाता है। क्योंकि न तो वे अपने विचारों को प्रकट करने में पीछे हटते थे और न ही सत्य कहने से हिचकते थे। राष्ट्र सेवा के लिए वह स्वतंत्रता के पूर्व और पश्चात भी अनेकों बार जेल गए संसद में सरकार के अपव्यय पर की गई उनकी बहस तीन आना पन्द्रह आना आज भी प्रसिद्ध है। श्री अंसारी ने कहा कि उनका जीवन प्रत्येक राजनीतिज्ञ के लिए आदर्श है। गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव ह्रदय नारायण प्रजापति ने किया। इस मौके पर पूर्व जिला पचायत अध्यक्ष श्यामला सरोज, डा. निलम मिश्रा, शोभनाथ यादव, कमला शकर महतो, जसवंत सिंह यादव, रामसिंह डा.घनश्याम दास गुप्ता, डा.सरिता बिंद, बिंदु सरोज, मनोज कनौजिया, धर्मेंद्र मिश्र पप्पू, अजीत यादव पप्पी, सरोज मौर्य, रविशंकर यादव, महेंद्र पासी, मुनन खां, लल्लन गुप्ता व मुश्ताक अहमद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सादगी से विजयदशमी मनाएगा आरएसएस

## नहीं होगा कोई मेहमान, मोहन भागवत देंगे अहम भाषण

**नागपुर (एजेंसी)।** इस बार विजयदशमी पर आरएसएस का स्थापना दिवस कार्यक्रम ऑनलाइन मोड में होगा। इस बार आरएसएस इस कार्यक्रम को सादगी से मनाएगी। हर साल विजयदशमी पर आरएसएस नागपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित करती है। जिसमें कोई न कोई स्पेशल गेस्ट जरूर होता है। लेकिन इस बार कोरोना संक्रमण के मद्देनजर आरएसएस ने इस कार्यक्रम को सादगी से मनाने का निश्चय किया है। हालांकि मोहन भागवत आरएसएस के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल, फेसबुक और ट्विटर हैंडल पर लाइव स्ट्रीम होंगे। जिसमें वे लखीमपुर खीरी और किसान आंदोलन समेत देश के तमाम अहम



मुद्दों पर अपनी बात रख सकते हैं। विजयदशमी का त्योहार इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कुछ महीनों में देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इस साल विजयदशमी पर आरएसएस शस्त्र पूजा कार्यक्रम सादे अंदाज में मनाएगी। आगामी 15 अक्टूबर को विजयदशमी के दिन ही आरएसएस की स्थापना हुई थी। ये दिन आरएसएस के हर कार्यकर्ता के लिए काफी अहम है। इस दिन आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का संबोधन भी काफी महत्वपूर्ण है। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि कुछ राज्यों विशेषकर यूपी विधानसभा चुनाव से पहले मोहन भागवत का विजयदशमी संबोधन भाजपा के लिए संजीवनी बन सकता है।

बता दें कि हाल ही में लखीमपुर खीरी कांड में किसानों की हत्या और दिल्ली में कृषि कानून के खिलाफ किसानों का आंदोलन भाजपा के लिए सिरदर्द बना हुआ है। ऐसे वक्त में, मोहन भागवत का विजयदशमी के दिन लाइव स्ट्रीम होना पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले का बूस्टर हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, 15 अक्टूबर को सुबह 7.30 बजे विजयादशमी उत्सव शुरू होगा। इस वर्ष किसी अतिथि को आमंत्रित नहीं किया गया है और कोविड-19 प्रोटोकॉल के अनुसार स्मृति मंदिर, रेशमबाग में होने वाले कार्यक्रम में केवल 200 स्वयंसेवक ही भाग लेंगे। आरएसएस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी अरविंद कुकड़े ने बताया कि भागवत के भाषण को 'दु' के यूट्यूब चैनल, फेसबुक पेज और ट्विटर हैंडल पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा। कुकडे ने आगे कहा, कोरोना महामारी की गंभीरता को देखते हुए और केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जारी निर्देशों और सलाह के बाद ही नागपुर में आरएसएस विजयादशमी समारोह के लिए केवल 200 लोगों को आमंत्रित किया गया है।

# मायावती ने राजस्थान में दलित युवक की हत्या पर की कांग्रेस की निंदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी, बसपा ने राजस्थान में दलित युवक की हत्या मामले में कांग्रेस की निंदा करते हुए कहा है कि कांग्रेस का नेतृत्व इस मामले में खुद भी चुप है और अपने दलित नेताओं के भी बोलने पर पाबन्दी लगाकर उनकी जुबान बंद कर दी हैए जो दुरूखद एवं शर्मनाक है। बसपा प्रमुख मायावती ने मंगलवार को ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस शासित राजस्थान की ताज़ा घटना में एक दलित की पीट.पीट कर निर्मम हत्या की गयी जिसकी चचा 'और निन्दा पूरे देश भर में हुईए किन्तु कांग्रेस इस मुद्दे पर खामोश है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पाटी 'और इनकी सरकारों की नजर में दलितों की न तो पहले कोई अहमियत थी और न ही अब उनके जान.माल और सुरक्षा की कोई



खास परवाह है। मायावती ने कहा कि पंजाब के नये मुख्यमंत्री चरण जीत सिंह चनने और गुजरात के इनके नये नेता द्वारा भी दोहरा मापदण्ड अपनाते हुए अभी तक अपनी जुबान बंद रखना कितना उचित है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के इस हत्याकाण्ड के सम्बंध में तीन दिन बाद प्राथमिकी दर्ज की गई हैए जिससे पीड़ित परिवार को सरकार से न्याय मिलने की संभावना कम ही लगती है। अतरू उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी की तरह ही इस मामले का भी सवोर्च्च न्यायालय अगर स्वतरू संज्ञान ले तो बेहतर होगा। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के हनुमानगढ़ में दलित युवक की पीट.पीटकर हत्या किए जाने के मामले ने सियासी रंग ले लिया है।

# आगरा में रहस्यमयी बुखार से मौतों का कहर जारी, सात और बच्चों की जान गई

**आगरा (एजेंसी)।** आगरा में रहस्यमयी बुखार से मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा है। मंगलवार को भी सात बच्चों की मौत हुई हैं। इनमें डौकी क्षेत्र के चारए अकोलाए बिचपुरी और पिनाहट में भी एक.एक बच्चे ने दम तोड़ा है। अस्पताल में इलाज के बाद भी उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। पहला मामला थाना डौकी के ट्रूकपुरा पावली गांव का है। यहां सुनील धाकरे की साढ़े चार साल की बेटी जिया को तीन दिन से बुखार था। पहले उसे शहीद नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डाक्टरों ने इसे सामान्य बुखार बताकर सीरप दे दिया। इससे जिया की तबीयत में सुधार नहीं हुआ। रविवार को उसकी तबीयत और खराब हो गई।



लिहाजा परिजनों ने उसे जीआर अस्पताल में भर्ती करा दिया। बताया जाता है कि यहां उसकी जांच में डेंगू की पुष्टि हुई। डाक्टरों ने जंबो पैक चढ़ाए। लीवर में निमोनियां बताया। शरीर से पानी भी निकाला गया। सोमवार को तड़के उसकी मौत हो गई।

दूसरा मामला भी इसी गांव का है। सुनील धाकरे के भाई धर्मेंद्र सिंह के पांच साल के बेटे आर्यन को भी चार दिन पहले बुखार आया था। उसे जीआर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डाक्टरों ने उसे भी डेंगू बताया। अस्पताल में आर्यन को भी जंबो पैक चढ़ाए गए। उसके प्लेटलेट्स काफी कम बताए गए थे। सोमवार को आर्यन ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों भाइयों के नौनिहालों की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

### राकेश टिकैत की चेतावनी

## गृहराज्यमंत्री अजय मिश्रा का इस्तीफा नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

**लखीमपुर (एजेंसी)।** भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने गृहराज्यमंत्री अजय मिश्रा को मोदी सरकार से हटाने के लिए अब अल्टीमेटम दे दिया है। लखीमपुर में आयोजित अंतिम अरदास में पहुंचे राकेश टिकैत ने कहा कि गृहराज्यमंत्री का इस्तीफा नहीं होता तो यहीं से आंदोलन की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि लखनऊ में एक बड़ी पंचायत होगी। किसानों के अस्थि कलश देश के हर जिले में जाएंगे और लोग उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। राकेश टिकैत ने बताया कि 24 अक्टूबर को अस्थियां प्रवाहित की जाएंगी। इसके बाद सभी लोग 26 को लखनऊ पहुंचेंगे।

# राजस्थान उपचुनाव में बीजेपी ने खोले पत्ते, वसुंधरा राजे, मेघवाल समेत 20 रहेंगे स्टार प्रचारक

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान उपचुनाव को लेकर बीजेपी ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। बीजेपी राजस्थान की दो सीटों पर उपचुनाव के लिए 20 स्टार प्रचारकों को मैदान पर उतारने की तैयारी में है।

इसमें पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह, अर्जुन मेघवाल और कैलाश चौधरी समेत पार्टी के दिग्गज नेता शामिल हैं। आगामी 30 अक्टूबर को राजस्थान की दो सीटों वल्लभनगर(उदयपुर) और धारियावाड़(प्रतापगढ़) पर चुनाव होने हैं। इसके लिए बीजेपी ने आज अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी। इस सूची में जगह बनाने वाले पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, केंद्रीय



मंत्री भूपेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह, अर्जुन मेघवाल और कैलाश चौधरी जैसे दिग्गज शामिल हैं। वहीं, अन्य नेताओं में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता गुलाब सिंह कटारिया भी हैं।

विधानसभा में विपक्ष के उप नेता राजेंद्र राठौर, राष्ट्रीय भाजपा सचिव अलका गुर्जर, राज्यसभा सांसद ओम माथुर और किरोड़ी लाल मीणा भी सूची में शामिल हैं। वल्लभनगर में बीजेपी ने हिम्मत सिंह झाला को टिकट दिया है। धारियावाड़ से भाजपा ने खेत सिंह को मैदान में उतारा है। वहीं, कांग्रेस की ओर से वल्लभनगर से प्रीति शक्तिवत और धारियावाड़ से नागराज मीणा चुनावी मैदान में हैं। वल्लभनगर से कांग्रेस विधायक गजेंद्र शक्तिवत और धरियावाड़ से भाजपा विधायक गौतम लाल मीणा के निधन के कारण उपचुनाव कराना पड़ रहा है। कुल 200 विधानसभा की क्षमता वाले राजस्थान राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस के पास वर्तमान में 106 विधायक हैं, भाजपा के 71, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) के 3, सीपीआई (एम) और भारतीय ट्राइबल पार्टी (बीटीपी) के 2-2, राष्ट्रीय लोक दल के एक और तेरह निर्दलीय विधायक हैं।

# युवाओं की प्रतिभा निखारने को 22 करोड़ से बनेंगे 15 इन्क्यूबेटर सेंटर

**लखनऊ (एजेंसी)।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को प्रोण् विनीत कंसल की अध्यक्षता में श्प्राविधिक शिक्षा का उनन्यनश् कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। परिसर के सभागार में प्राविधिक शिक्षामंत्री जितिन प्रसाद ने यहां कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। इस मौके पर विभाग के सचिव आलोक कुमार ने कहा कि मंत्री जितिन प्रसाद की ओर से 22 करोड़ 64 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैंए जिनसे प्रदेश के 15 राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों में इन्क्यूबेटर बनाए जाएंगे और इन्हें चलाने के लिए इन्क्यूबेशन मैनेजर रखे जाएंगे। प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए यह प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि नेशनल इंस्टीस्ट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क ;एनआईआरएफद्ध की तरह ही उप्र में स्टेट इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क ;एसआईआरएफद्ध शुरू की जाएगीए जिसमें उच्च शिक्षा के सभी राज्य स्तरीय संस्थानों को प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा। प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने यहां 11 मेधावी छात्र.छात्राओं को लैपटॉप देने के साथ ही यह घोषणा की किए प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में पढ़ने वाले सभी छात्र.छात्राओं को प्रदेश सरकार टैबलेट देगी। इसकी कायर्योजना तैयार हो चुकी है। जल्द ही प्राथमिकता के आधार पर सेक्टर बनाकर टैबलेट वितरण किया जाएगा। पहले अंतिम सेमेस्टरध्वर्ष में पढ़ रहे बच्चों को इस सूची में रखा जाएगाए क्योंकि इसके बाद वे पासआउट हो जाएंगे।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि मैं खुद भी अभी फर्स्ट इयर स्टूडेंट हूंए इसलिए चीजों को समझ रहा हूं। कोशिश यही है कि गुणवत्ता परक तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा ताकि यहां निकलने के बाद छात्रों को सड़कों की खाक न छाननी पड़े और नौकरियां खुद चलकर उनके दरवाजे तक आएं।

मुख्य कार्यक्रम से पहले यहां सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज में श्डॉण् पीयूष जायसवालए माइक्रो एंड नैनो करेक्टराइजेशन फैसिलिटी केन्द्रश् का नामकरण व लोकार्पण और प्रोबोटिक्स लैबष् का लोकार्पण किया



गया। इसके अलावा रिसर्च रिकगिन्शन अवॉर्ड 2021 पोर्टलए केप्टेक 2021 पोर्टल तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व एकेडमिक ऑटोनोमी पर एफडीपी पोर्टल का शुभारम्भ भी किया गया। उत्तर प्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा.2019 की पांच टॉपर छात्राओं और टॉपर एससीध्एसटी विद्यार्थियों को सांकेतिक रूप से यहां लैपटॉप का वितरण भी किया गया। नेशनल इंस्टीट्यूटशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क ;एनआईआरएफद्ध में स्थान पाने वाले विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध छह संस्थानों के प्रबंधकों को यहां प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसके अलावा कोविड.19 महामारी में अपने अभिभावकों को खोने वाले 11 विद्यार्थियों को एक.एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता और महामारी में मृत तीन शिक्षकों के परिवारों को पांच.पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के कई कॉलेजों से छात्र ऑनलाइन भी जुड़े थे। अंत में प्राविधिक शिक्षामंत्री जितिन प्रसाद से छात्रों ने सवाल भी पूछे। मुख्य कार्यक्रम के बाद हुए सवाल.जवाब सत्र में छात्र अनुराग त्रिपाठी ने पूछाए श्कई बार पारिवारिक पृष्ठभूमि या हिन्दी भाषी होने के कारण तकनीकी क्षेत्र में छात्र पीछे रह जाते हैंए इसका क्या हल हैध्श् जवाब में जितिन प्रसाद और कुलपति प्रोण् विनीत कंसल ने कहा कि इस दिशा में लगातार काम हो रहा है।

## अरब और इजरायल में बीता तनाव का दौर? पानी के संकट से जूझ रहे जॉर्डन को दोगुनी सप्लाई

**जेरूसलम (एजेंसी)।** हाल के दिनों में इजरायल और मिडिल ईस्ट के देशों के बीच रिश्ते बेहतर हो रहे हैं। बीते दिनों इजरायल और जॉर्डन के बीच भी रिश्ते सुधर रहे हैं। इसी कड़ी में इजरायल, जॉर्डन की मदद करने को सामने आया है।बता दें कि जॉर्डन पिछले कुछ दिनों से भयंकर जल संकट से जूझ रहा है। जॉर्डन में सामान्य तौर पर भी पानी की दिक्कतें रही हैं। ऐसे में इजरायल पड़ोसी देश जॉर्डन को दिए जाने वाले ताजे पानी की मात्रा को दोगुना करने के लिए सहमत हो गया है। मामले को लेकर इजरायल के ऊर्जा और जल संसाधन मंत्री ने कहा है कि यह समझौता इस बात का सबूत है कि हम पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। हाल ही दोनों देशों इस बात पर सहमत हुए थे कि इजरायल जॉर्डन को सालाना 50 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी बेचेगा। यह समझौता दोनों देशों के बीच पानी की बिक्री को लेकर सबसे बड़े समझौते में से है। इकोपीस मध्य पूर्व के इजराइली निदेशक गिदोन ब्रोमबर्ग ने मामले को लेकर कहा है कि यह सौदा बढ़ती समझ को बताता है कि जलवायु संकट पहले से ही इस क्षेत्र को भारी रूप से प्रभावित कर रहा है।

# पाकिस्तानः नए आईएसआई चीफ पर आका बाजवा से भिड़े इमरान खान, सेना के सामने करने लगे हक की बात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान में प्रधानमंत्री इमरान खान और सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के बीच नए आईएसआई चीफ की नियुक्ति को लेकर तनातनी की स्थिति बन गई है। पाकिस्तान की सेना की तरफ से लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अहमद अंजुम को नया आईएसआई चीफ नियुक्त किया गया था। लेकिन सेना के इस कदम से वहां के प्रधानमंत्री इमरान खान खुश नहीं हैं। मंगलवार को कैबिनेट की मीटिंग के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इमरान सरकार के मंत्री फवाद चौधरी ने कहा कि आईएसआई चीफ को नियुक्त करने की अथॉरिटी प्रधानमंत्री इमरान खान के पास है। हालात यह हैं कि अभी तक इमरान खान के कार्यालय की तरफ से नए आईएसआई चीफ की नियुक्ति के इस संबंध में कोई नोटिफिकेशन तक जारी नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री इमरान खान और सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के बीच झगड़े की बातें सामने पाकिस्तानी मीडिया में भी कही जा रही हैं। हालांकि, पाकिस्तान के सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने सफाई में यह जरुर कहा कि प्रधानमंत्री इमरान खान और सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा के बीच सब कुछ ठीक है। दोनों ने कभी भी ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जो एक-दूसरे के सम्मान को कमजोर करे।

सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री के बीच हाल में तल्ख हुए रिश्तों की बात को छिपाते हुए कैबिनेट बैठक



के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में फवाद चौधरी ने कहा कि आईएसआई चीफ की नियुक्ति का हक प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से होता है। जल्द ही पीएम कार्यालय से इस संबंध में आदेश भी जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आईएसआई प्रमुख पर जनरल अंजुम की नियुक्ति के लिए पीएम इमरान खान और जनरल बाजवा दोनों एकमत हैं।यहां आपको बता दें कि पिछले सप्ताह मिलिट्री के मीडिया विंग ने ऐलान किया था कि लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अहमद अंजुम को नया आईएसआई चीफ बनाया गया है। हालांकि, इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन के यानी आईएसपीआर के इस ऐलान के बाद कई दिन गुजर जाने के बावजूद प्रधानमंत्री इमरान खान के कार्यालय की तरफ से लेफ्टिनेंट जनरल नदीम अहमद अंजुम को नया आईएसआई चीफ बनाए जाने का नोटिफिकेशन तक नहीं किया गया।

# तालिबान को मिलेगी मान्यता? ईयू ने अफगानिस्तान को जारी किया 1 बिलियन यूरो का पैकेज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से वहां की आर्थिक स्थिति बिगड़ती ही चली जा रही है। हाल ही में कुछ अहम रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अफगानिस्तान में गरीबी, बेरोजगारी औ? भूखमरी बढ़ रही है। अफगानिस्तान की डूबती अर्थव्यवस्था के बीच अब यूरोपियन यूनियन ने तालिबान शासित अफगानिस्तान की तरफ मदद के लिए हाथ बढ़ाए हैं।मंगलवार को यूरोपियन यूनियन ने ऐलान किया कि वो अफगानिस्तान को 1 बिलियन यूरो की मदद करेगा। ताकि वहां मानवता पर आई संकट और खराब होती आर्थिक स्थिति को पटरी पर लाया जा सके। यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन वर्चुअल जी 20 सम्मेलन में मौजूद थीं। इटली इस सम्मेलन को होस्ट कर रहा है। इस दौरान उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने अफगानिस्तान में मानवता को मदद पहुंचाते रहने का संकल्प भी दोहराया।

उन्होंने अपने बयान में जोर देकर कहा कि यह पैसे धीरे तौर पर अफगानिस्तान की मदद के लिए हैं। यह पैसे उन अतंरराष्ट्रीय संगठनों को दिये जाएंगे जो जमीन पर वहां काम कर रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि यह पैसे तालिबान की सरकार को नहीं दिया जाएंगे क्योंकि उन्हें अभी मान्यता नहीं मिली है। उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा, 'अफगानिस्तान में मानवता और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की रक्षा के लिए हम सभी को वो सबकुछ करना चाहिए जो हम कर सकते हैं। हमें इसे जल्दी करना होगा।' उन्होंने आगे कहा, 'तालिबान के साथ किसी भी तरह के सहयोग को लेकर हम अपने शर्तों पर कायम है और बिल्कुल साफ भी हैं। लेकिन तालिबान के इस काम की सजा वहां के लोगों को नहीं मिलनी चाहिए।'बताया जा रहा है कि 1 बिलियन पैकेज का इस्तेमाल अफगानिस्तान के हेल्थ सिस्टम को सुधारने के लिए किया जाएगा।

# अमेरिकाः कैलिफोनिन्या में प्लेन क्रैश में भारतीय मूल के डॉक्टर समेत दो लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिका के कैलिफोनिन्या राज्य में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार भारतीय मूल के एक जानेमाने हृदरोग विशेषज्ञ समेत दो लोगों की मौत हो गयी और दुर्घटना के कारण पास के मकानों में आग लग गई जिससे काफी क्षति हुई। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। खबरों के अनुसार अरिजोना के युमा रीजनल मेडिकल सेंटर (वाईआरएमसी) में इंटरवेंशनल कॉडियोलॉजिस्ट के रूप में कार्यरत डॉ सुगत दास के पास दो इंजन वाला सेसना सी340 विमान था। केवाईएमए डॉट कॉम की मंगलवार को जारी खबर के



अनुसार इस बात की अभी पुष्टि नहीं हुई है कि सोमवार को दुर्घटना के समय दास खुद पायलट सीट पर बैठे थे या नहीं। वाईआरएमसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी भरत मागू ने एक बयान में कहा, ''स्थानीय हृदय रोग विशेषज्ञ सुगत दास के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है। विमान सैंटी (कैलिफोनिन्या) के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ।'' मागू ने कहा, ''वह एक बेहतरीन हृदय रोग विशेषज्ञ और परिवार के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। इस मुश्किल वक्त में हम उनके परिवार, मित्रों और सहयोगियों के प्रति संवेदना जताते हैं।

सैंटी में संताना हाई स्कूल के पास हुए हादसे के बाद आग लगने से दो मकान जलकर खाक हो गए और पांच अन्य मकानों एवं कई वाहनों को क्षति पहुंची। हालांकि आग अन्य मकानों तक फैलती, उससे पहले ही दमकलकमिर्यों ने आग पर काबू पा लिया। हादसे में मारा गया अन्य व्यक्ति एक यूनाइटेड पार्सल सर्विस (यूपीएस) ऑफ अमेरिका इंक का कर्मी था। यूपीएस ने यह पुष्टि की है कि विमान हादसे में उसके एक कर्मी की मौत हो गई। एबीसी से संबद्ध केएक्सटीवी ने यूपीएस के बयान के हवाले से बताया, ''हम अपने एक कर्मी की मृत्यु की खबर से दुखी हैं और उनके परिवार एवं मित्रों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हैं। हादसे के शिकार हुए अन्य व्यक्तियों के परिवार एवं मित्रों के प्रति भी हम संवेदना जताते हैं।संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) के अनुसार विमान करीब सवा 12 बजे दुर्घटनाग्रस्त हुआ। एफएए के अनुसार, ''विमान में कितने लोग सवार थे, इस बारे में अभी ज्ञात नहीं है।'' सेसना सी 340 विमान आमतौर पर व्यवसाय के लिए उपयोग किया जाता है। विमान में छह यात्रियों के बैठने की क्षमता है, जिसमें दो सीटें आगे और दो पीछे होती हैं। संस्थान की वेबसाइट के अनुसार, बंगाली परिवार में जन्मे और पुणे में पले-बढ़े दास अमेरिकी गैर-लाभकारी संगठन ''पावर ऑफ लव फाउंडेशन'' के निदेशक भी थे।

यह विदेशों में एड्स और एचआईवी से संक्रमित या प्रभावित महिलाओं और बच्चों की मदद करता है। वेबसाइट पर बताया गया है कि दास के दो बेटे हैं और वे सैन डिएगो में रहते हैं। वह दो इंजन वाले सेसना 340 के मालिक थे और एक प्रशिक्षित पायलट थे, जिन्होंने अपने घर और युमा के बीच उड़ान भरी थी।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

आरएनआई नं. UPHIN 2001/9025